लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -146, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 37.9° अधिकतम तापमान, 29.3° न्यूनतम तापमान — आसमान में हल्के बादल झाए रहेंगे — सूर्योदय 05 : 15, सूर्यास्त 19 : 05

लखनऊ, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज.. 14

परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन

सकारात्मक पहल

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

नई दिल्ली। प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

प्लॉट पर कब्जे की कोशिश में चलाई गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात पर रिपोर्ट
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर एक कार कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दुकान पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय अपने बेटे अभिराज और चौकीदार समेत साथियों के साथ पहुंचे विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की।

> प्लाट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।
> -**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

अमृत विचार : प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

शासन ने कई आईपीएस अफसरों के तबादले किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

एक नजर

दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

कोझिकोड। केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें यह धमकी फर्जी पाई गई। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शारजाह से कालीकट आए यात्रियों में से एक ने सीट पर बम लिखा हुआ एक नोट छोड़ा था, विमान के उड़ान भरने से पहले एक कर्मचारी की नजर इस पर पड़ी।

सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था।

जीएसटी काउंसिल की डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेसी

- शनिवार को हुई 53वीं बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई 53वीं बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद सीतारमण ने कहा व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा।

पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

रेल सेवाओं में राहत

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहां भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि कोई विवाद उत्पन्न न हो।

उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून

- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

पटना। बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

हार्दिक की तूफानी पारी, भारत का विशाल स्कोर

भारतीय टीम ने दिया 197 रन का लक्ष्य, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक और उनकी अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 50 रन बनाए।

विराट कोहली ने 37, ऋषभ पंत ने 36 और शिवम दुबे ने 34 ने रन की पारी खेली। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा (23 रन, 11 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और विराट कोहली ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई।

बांग्लादेश ने मेहदी हसन और शाकिब अल हसन (37 रन पर एक विकेट) की स्पिन जोड़ी से गेंदबाजी की शुरुआत कराई। रोहित ने मेहदी हसन और शाकिब पर चौके मारे। उन्होंने और कोहली ने शाकिब पर छक्का भी जड़ा। रोहित हालांकि शाकिब की गेंद पर एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर जाकिर अली को कैच दे बैठे। कोहली ने मुस्ताफिजुर पर छक्के के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया।

कोहली ने रिशाद का स्वागत सीधे छक्के के साथ किया जबकि पंत ने भी इस लेग स्पिनर पर चौका जड़ा। कोहली तेज गेंदबाज तंजीम की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हुए। उन्होंने 28 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और एक चौका मारा। सूर्यकुमार यादव ने (06) पहली ही गेंद पर तंजीम पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। भारत ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 83 रन बनाए। पंत ने 11वें ओवर में मुस्तफिजुर पर दो चौके और एक छक्का जड़कर भारत के रनों का शतक पूरा किया।

उन्होंने अगले ओवर में रिशाद की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर तंजीम को कैच दे बैठे। पंत ने 24 गेंद का सामना

करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। हार्दिक ने हसन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़कर तेवर दिखाए जबकि शुभम दुबे ने भी शाकिब और तंजीम पर छक्के के साथ 17वें ओवर में टीम के 150 रन पूरे किए। दुबे ने रिशाद पर भी छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के मारे। हार्दिक ने रिशाद और तंजीम पर छक्के मारे और अंतिम ओवर में मुस्ताफिजुर पर तीन चौकों के साथ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

खेल डायरी

गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

सेलांगोर (मलेशिया)। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

समामीश (सिएटल)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

जम्मू। भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

चेन्नई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

पंत की वापसी काबिले तारीफ

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी

इयान स्मिथ बोले

- **गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता**

वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद

ब्रिजटाउन,एजेंसी

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

टी-20 विश्व कप

- **अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त**
- **अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज**

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

किंग्सटाउन, एजेंसी

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप

चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

टीमें : आस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

शिमला, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह

बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

ब्रिजटाउन, एजेंसी

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज

टी-20 वर्ल्ड कप

- **अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम**
- **अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी**

की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

यूरो कप | ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपज़िग, एजेंसी

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।

चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

हैम्बर्ग। जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्ज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का

तीन मैचों की श्रृंखला

- **भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त**
- **फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर**

स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अब गोला में पेड़ के सहारे इंसुलेटर फंसाकर दौड़ा दी बिजली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

लापरवाही- 1

▸▸ मितौली में बुजुर्ग की मौत और सख्त कार्रवाई का भी असर नहीं

अमृत विचारः मितौली के रामनगर फीडर के अंतर्गत पेड़ में इंसुलेटर फंसाकर बिछाई गई हाईटेंशन लाइन के लटक जाने से 15 दिन पहले हुई बहोरीपुरवा गांव के 60 वर्षीय रामपाल की मौत और अवर अभियंता के निलंबन व संविदा कर्मचारी की संविदा समाप्ति के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हैं। इसका प्रमाण है गोला नगर में भूतनाथ मार्ग पर पेड़ में इंसुलेटर फंसाकर खींची गई हाईटेंशन लाइन। यहां से गुजरते लोगों को भले ही इन इंसुलेटर के सहारे दौड़ रही बिजली से डर लगता हो, लेकिन महकमे के जिम्मेदार बेपरवाह हैं।

बता दें कि सात जून को मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर आंधी के कारण इंसुलेटर बंधी लाइन नीचे आ गई थी। मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 वर्षीय रामपाल भार्गव खेत में घास काटने जाते समय चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में बिजली विभाग स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही मिली थी और अवर अभियंता देवतादीन को निलंबित कर संविदा लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई थी। साथ ही अधिशासी अभियंता और उप खंड अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी नगर की लखीमपुर रोड पर बंसल राइस मिल के निकट भूतनाथ मार्ग पर बिजली आपूर्ति के लिए अधिकारियों ने जुगाड़ की नीति अपनाते हुए बिजली लाइन को पेड़ों में इंसुलेटर फंसा कर आपूर्ति कर रहा है। यहां एक पास लगे दो पेड़ों में इंसुलेटर बांधे गए हैं। ऐसे में यदि आंधी के दौरान पेड़ गिर जाए तो लाइन टूटने से करंट का खतरा रहेगा, वहीं बारिश से समय करंट उतर सकता है। बरसात में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा है। हैरानी की बात यह है कि पेड़ों में बिजली तार का संपर्क न हो इसके लिए विभाग पेड़ों की छंटाई कराता है, लेकिन यहां तो पेड़ों को ही पोल बनाकर बिजली दौड़ा रहे हैं।

पेड़ में इंसुलेटर लगाकर खींचे तार।

मुन्नूगंज मोहल्ले में बीच सड़क पर रख दिया ट्रांसफार्मर

लापरवाही -2

मोहल्ला मुन्नूगंज में गली के बीचोबीच ट्रांसफार्मर रख दिया। लोग इसके नीचे से आते जाते हैं। मोहल्ले वालों का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर से जानमाल का हर समय खतरा बना रहता है। बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, मगर नतीजा शून्य रहा। आबादी के ऊपर से निकली एचटी लाइन का मुन्नूगंज ही कोई अकेला मोहल्ला नहीं है। मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी, अर्जुननगर कॉलोनी तमाम ऐसे मोहल्ले जिनकी आबादी के ऊपर एचटी लाइन निकली है, जिससे कई हादसे हो चुके हैं, पर विभाग सबक नहीं ले रहा है।

मुन्नूगंज में गली के बीचोबीच रखा ट्रांसफार्मर।

मूड़ा दीक्षित में छप्परों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन

लापरवाही -2

कुंभी ब्लाक की ग्राम पंचायत तेदुआई के मूड़ा दीक्षित गांव के जानुकी प्रसाद, डालचंद, रामनरेश, रामस्वरूप, सुंदरलाल, भगवानदीन आदि के घरों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। हल्की हवा चलने पर भी तारों में स्पार्किंग होने से आग लगने और तार टूटने से लोगों की जान चली जाने का भी खतरा बना हुआ है। तेंदुआई के प्रधान मनोज कुमार के प्रयास बाद भी छप्परों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन के तार नहीं हटाए गए हैं, जिससे ग्रामवासी भयभीत हैं।

आबादी क्षेत्र में छप्पर के ऊपर से निकली एचटी लाइन।

> बंसल राइस मिल के निकट भूतनाथ मार्ग पर नए पोल लगाए जाने हैं। पेड़ में इंसुलेटर फंसे होने की जानकारी अब हो रही है। इसे तत्काल दिखवाया जाएगा और जल्द ही पोल लगवाकर बिजली लाइन चलवाई जाएगी।
> – राजनारायण, अधिशासी अभियंता– गोला।

गोला डिपो: फटी सीटों पर बैठकर सफर करने को मजबूर मुसाफिर

शाहजहांपुर-लखनऊ के बीच दौड़ रही खस्ताहाल बसें, रोजाना 13 बिंदुओं पर चेकिंग करने का है नियम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः गोला डिपो की में अधिकतर बसों दयनीय हालत में चल रही हैं। इनमें सफर करने के दौरान यात्रियों को तमाम असुविधाएं होती हैं। इनमें मुसाफिरों के बैठने के लिए सीट तक सही सलामत नहीं है। कई बसें ऐसी हैं, जिनमें से कुछ की जहां सीटें फटी हैं तो कुछ की सीटों पर लगे कवर फटे होने के साथ गंदे तक है। सफर के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा करने वाले जिम्मेदार बसों की देखरेख में लापरवाही बरत रहे हैं, जिसका खामियाजा महंगा किराया देकर यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

गोला डिपो में बसों की संख्या 123 हैं, जिसमें 93 बसें परिवहन निगम की अपनी और 30 बसें अनुबंधित हैं। निगम बसों में आठ दस बसों को छोड़कर अन्य की हालत बेहद कंडम है। इसी तरह अनुबंधित बसों की हालत भी बेहद दयनीय है। ऐसे में मुसाफिर महंगा किराया देने के बावजूद तकलीफ उठाकर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। किसी किसी बस की हालत इतनी कंडम होती है कि यात्री दूसरी बस उपलब्ध न होने के कारण मजबूरन उसमें सफर करते हैं। यह हालात तब हैं जब 13 बिंदुओं पर जांच करने और कोई खामी न मिलने पर ही बसों को रूट पर रवाना करने के आदेश हैं। इसके बावजूद अनुबंधित बस मालिक नियमों को ठेंगा दिखाकर बसों का संचालन रूट पर करा रहे हैं और जिम्मेदार देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं।

गोला डिपो की बस संख्या यूपी 31 टी 3523 की फटी सीटें। अमृत विचार

किराया बढ़ाने में अव्वल, सुविधाएं देने में फिसड्डी

किराया बढ़ाने के मामले में रोडवेज विभाग अव्वल है। मगर, सफर के दौरान यात्रियों को सुविधाएं देने के मामले में फिसड्डी। पिछले दिनों किराया बढ़ने पर अधिकारियों ने मशीनों में फीडिंग कराकर रात 12 बजे से ही बढ़ी दरों का किराया लागू कर दिया। जबकि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई आदेश जारी होने के बावजूद जिम्मेदार बेफिक्र हैं।

इन बिंदुओं पर क्लीयरेंस जरूरी

एमडी के आदेश के मुताबिक वायरिंग, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो, बैट्री बॉक्स, डैश बोर्ड, सभी स्विच, लाइट, इंजन, ब्रेक, गियर, हॉर्न, स्टेयरिंग और फॉग लाइट–टेप रिफ्लेक्टर की स्थिति ठीक होने पर ही वर्कशॉप से बस रवाना होनी चाहिए। इतना ही नहीं वायरिंग की जांच सात से आठ चरणों में होने के आदेश हैं। बस में खामी को लेकर चालकों और परिचालकों से फीडबैक भी लिया जाना चाहिए। इनके बिना बस को संचालन के लिए नहीं भेजा जा सकता। वहीं अनुबंधित बसों का भी रोजाना एआरएम से लेकर केंद्र प्रभारी या फिर नामित अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के बाद ही बसों को रूट पर भेजने के आदेश हैं।

फटी सीटों संग बस रवाना

गोला डिपो की बस संख्या यूपी 31एटी 3523 का संचालन गोला से शाहजहांपुर और लखीमपुर के बीच होता है। इस बस में एक तरफ की सीटों का ऊपरी हिस्सा फट चुका है। सीटों की यह हालत कोई एक दो से नहीं बल्कि काफी दिनों से है। ऐसे में मुसाफिर इन फटी सीटों पर बैठकर सफर करने के लिए मजबूर हैं।

> दरअसल यह बस शाम को शाहजहांपुर जाती है। रात वहां रूककर सुबह लखीमपुर के लिए निकलती है। चेकिंग दल को भी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करते हुए इस तरह की बसों के बारे में सूचित करना चाहिए, जिससे इनका संचालन रोंका जा सके।
> –महेश चंद्र कमल, एआरएम– गोला डिपो

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, फरधान।

अमृत विचारः पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाइवे पर शनिवार को रोडवेज बस ने सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

गांव आधारपुर निवासी कैलास (55) बाइक से जा रहे थे। हनुमान मंदिर के पास गोला डिपो की जनरथ बस ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक बस के नीचे फंस गई। चालक ने बस नहीं रोकी। हनुमान मंदिर पर चल रहे भंडारे में शामिल होने आए ग्रामीणों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। तब एक किलोमीटर दूरी पर चालक बस खड़ी करके भाग निकला। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुं गए। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद बस के नीचे फंसी बाइक।

सड़क पर खड़े दो किशोरों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत

बेहजम। थाना नीमगांव क्षेत्र के खंभारखेड़ा उमरपुर निवासी कृष्ण कांत पुत्र विजय कुमार(15) और जसवंत पुत्र रामसागर (13) साइकिल से क्रेशर की तरफ आए थे। वह सड़क किनारे खड़े होकर आने वाले रिश्तेदार का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच गोला–कस्ता मार्ग पर तेज रफ्तार ज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर वहीं दूसरी ओर से एक कार इन बच्चों को बचाने के चक्कर में सड़क पर बनी पुलिया पर चढ़ गई। गनीमत रही कार सवार कोई भी हताहत नहीं हुआ है। सूचना पर परिजन और गांव वाले मौके पर पहुंच गए। दोनों घायल किशोरों को बेहजम सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग दोनों को जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में कृष्ण कांत की मौत हो गई। नीमगांव एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

बिजली के तार व पोल ठीक कर रहे दो संविदा कर्मियों को पीटा

संवाददाता, फरधान। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव पठानपुर में आंधी में गिरे पोल और टूटे तारों को ठीक कर रहे दो संविदा कर्मचारियों की कुछ ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। किसी तरह से कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। जेई ने आरोपियों के खिलाफ थाना फरधान पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है। कैमहरा पावर हाउस के अवर अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि कैमहरा फीडर के विद्युत पोल आंधी आने की वजह से टूट गए थे, जिनको सही करने के लिए शुक्रवार को संविदा कर्मी लियाकत खां और महेश मित्रा पठानपुर गांव के पास गए हुए थे। जहां पर गांव के ही कल्लू खां और फुल्लर अपने पंद्रह साथियों के साथ आ गए। पोल लगाने का विरोध करते हुए दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने के धमकी दी। कर्मचारियों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। उन्होंने बताया कि विवाद की वजह से मरम्मत कार्य पूरा नहीं सका। अवर अभियंता राकेश कुशवाहा ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केशवापुर-बक्खारी मार्ग पर युवक का मिला शव

संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार : गोला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत केशवापुर बक्खारी मार्ग पर ग्राम बरगदिया से आधा किमी पहले खम्हौल ग्राम पंचायत की सीमा में 35 वर्षीय युवक का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। नेशनल हाइवे से दो किलोमीटर दूर केशवापुर बक्खारी मार्ग पर ग्राम बरगदिया के निकट ख़म्हौल निवासी रूपराम वर्मा के गन्ने के खेत के किनारे सड़क पर ग्रामीणों ने शव देखा। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के तमाम गांवों के लोग घटना स्थल पर पहुंचे। बरगदिया निवासी पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह ने गोला कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, उनके हमराहियों ने क्षेत्र के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया किंतु शिनाख्त न हो सकी। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जेठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने कराया भंडारा

गोला में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : जेठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने नगर की भूतनाथ रोड पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। बंसल राइस मिल के निकट बाजपेई पान भंडार, आकाश चाट भंडार के सहयोग से भंडारा कराया गया, जो सुबह से लेकर शाम तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में फौजी अरविंद मिश्र, आकास, रिषी कुमार, रंजीत वर्मा, गुलजार अंसारी, आकाश बाजपेई, उत्कर्ष बाजपेई आदि का सहयोग रहा।

थानाध्यक्ष नीमगांव का सामने आया मानवीय चेहरा

संवाददाता, बिलहरी। अमृत विचार : नीमगांव थाना की एसओ सुनीता कुशवाहा का मानवीय चेहरा सामने आया है, जिन्होंने फरियाद लेकर आए गरीब जरूरतमंद की हालत देखकर उसे नए वस्त्र भेंट किए हैं। एसओ के इस कार्य की थाना क्षेत्र में चर्चा हो रही है। थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा शनिवार को जनता की समस्याएं सुनने के लिए थाने पर सुवह 10 बजे से बैठी थीं, तभी एक वृद्ध फरियादी फटे पुराने कपड़े पहकर आया। यह देखकर थानाध्यक्ष ने उसे कुर्सी पर बैठाकर जलपान कराया और आरक्षी को बुलाकर बाजार से उसके लिए नए वस्त्र मंगाकर दिए साथ ही उसकी समस्या का त्वरित समाधान किया। थानाध्यक्ष के इस कार्य की क्षेत्र चर्चा हो रही है।

जरूरतमंद को नए वस्त्र देती थानाध्यक्ष।

समरकैंप के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी मिलेगा मंच

समरकैंप में पुरस्कृत प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : ग्राम घरथनिया स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में समरकैंप के समापन पर बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी मंच मिलेगा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत भी किया। विशिष्ट अतिथि न्यू चिल्ड्रेंस वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी, ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, प्रधानाचार्य गजेंद्र वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि रवि वर्मा, मिथिलेश वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की। संचालन आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया।

बीएसए कार्यालय में हुआ भंडार, भक्तों ने छका प्रसाद

बीएसए कार्यालय में हुए भंडारे में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : बीएसए कार्यालय परिसर में शनिवार को भंडारा हुआ। इसका शुभारंभ सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह एवं बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बजरंगबली का विधि विधान से पूजन कर किया। इसके बाद भक्तों ने प्रसाद छका ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को बीएसए कार्यालय पर पवनपुत्र का भंडारा हुआ। इससें बीएसए कार्यालय के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे में बीएसए कार्यालय, डीआईओएस कार्यालय से लेकर विकास भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद छका।

सीएमएस ने नर्सिंग स्टाफ संग की बैठक, कसे पेंच

जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स संग बैठक करते सीएमएस डॉ. आरके कोली।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : जिला अस्पताल में सीएमएस ने स्टाफ नर्सों संग बैठक कर कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जब तक रिलीवर नहीं आ जाता तब तक ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स वार्ड नहीं छोड़ेगी। सभी लोग ड्यूटी पर निर्धारित समय पर आएं। लेट लतीफी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने स्टाफ नर्सों से कहा कि बिना रिलीवर के आए ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ वार्ड नहीं छोड़कर जाएगा। मरीज का पूरी जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि भर्ती मरीज को दी जाने वाली दवाएं और लगाए गए इंजेक्शन के बारे में भी रिलीवर को बताएं। मरीज का प्राथमिकता से इलाज कर बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराएं। स्टाफ नर्स इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, वार्ड बॉय, सिक्योरिटी गार्ड, चतुर्थ श्रेणी एवं सफाई कर्मचारी का नाम व नंबर अवश्य रखें, जिससे विषम परिस्थिति सहायता के लिए इनको बुलाया जा सके। सीएमएस ने कहा कि मैट्रन रजनी मसीह की ओर से जारी आदेशों का सभी लोग पालन करें। इनकी अवहेलना करने पर कार्रवाई होगी। बैठक में मैट्रन सहित महिला एवं पुरूष स्टाफ नर्स मौजूद रहे।

विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से भेंटकर कॉरिडोर सहित क्षेत्र की बताई समस्याएं

मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते विधायक अमन गिरि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार : भाजपा विधायक अमन गिरि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर उन्हें कारीडोर निर्माण के सम्बन्ध में अब तक हुए कार्य की जानकारी देकर क्षेत्र की विषम समस्याओं, बिजुआ क्षेत्र में बाढ़ से बचाव पर चर्चा कर बरसात से पूर्व रोकथाम किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गोला विधायक अमन गिरि ने कारीडोर पर चर्चा कर उन्हें यहां के हालातों से अवगत कराया, साथ ही शीघ्र काम युद्धस्तर पर प्रारंभ कराने की मांग की। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिजुआ क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष शारदा नदी की बाढ़ से तमाम ग्रामीण प्रभावित होते हैं। लोगों के घर तक नष्ट हो जाते हैं। बरसात से पूर्व बाढ़ से बचाव के लिए इंतजाम किए जाने की भी मांग की। बताया जाता है कि गोला कॉरिडोर तथा विधानसभा गोला के समुचित विकास हेतु मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेकर शीघ्र कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया है।

नेकी की दीवार ने बांटे ओआरएस पैकेट

कुकरा। अमृत विचारः नेकी की दीवार संस्था ने भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत कुकरा में जरूरतमंद, गरीब, असहाय, मजदूरों को ओआरएस के एक हजार पैकेट बांटकर राहत प्रदान की है। गर्मी में उल्टी, दस्त से लोग परेशान हो रहे हैं। इससे छुटकारा दिलाने के लिए नेकी की दीवार संस्था के कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी ने ओआरएस के 1000 पैकेटों का वितरण किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि गर्मी से डिहाईड्रेशन की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे उल्टी व दस्त की संभावना बनी रहती है। रिजवान अंसारी ने बताया कि नेकी की दीवार सामाजिक संस्था भारतीय स्वदेशी संस्था हैं जो पूरे भारत सहित विदेशों तक जानी जाती है।

गन्ने के खेत में लापता युवक का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, धौरहरा

▸▸ शुक्रवार की सुबह घर से निकला था गोपाल, वापस नहीं लौटा

अमृत विचारः रहस्यमय ढंग से लापता हुए गांव गुदरिहा निवासी एक युवक का शव शनिवार को दूसरे दिन संदिग्ध हालात में गन्ने के खेत में पड़ा बरामद हुआ है। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। शव मिलने से समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

गोपाल यादव (फाइल फोटो)

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव गुदरिया निवासी गोपाल यादव (40) शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे घर से निकले थे। इसके बाद से वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। शाम तक वापस न आने पर परिवार वालों ने उनकी काफी तलाश की। आसपास की रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर गन्ने के एक खेत में पड़े शव पर पड़ी। शव पड़े होने की खबर मिलते ही परिवार वालों के साथ ही तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। शव देख घर वालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों और ग्रामीणों से भी पूछताछ की। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक धौरहरा दिनेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस कार्यालय पहुंची 10वीं की मार्कशीट

लखीमपुर खीरी। अमृत विचारः यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का अंकपत्र को लेकर इंतजार अब खत्म हो गया है। यूपी बोर्ड ने 40634 अंकपत्र डीआईओएस कार्यालय पर उपलब्ध करा दिए हैं। डीआईओएस कार्यालय से सोमवार को इनका वितरण विद्यालय प्रशासन को प्रारंभ हो जाएगा। इसके बाद छात्र छात्राएं स्कूल जाकर मार्कशीट प्राप्त कर सकेंगे। यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को जारी कर दिया था। मगर, हाईस्कूल के अंकपत्र जारी करने में काफी देर कर दी। इस बीच यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल की 40634 अंकतालिकाएं शुक्रवार को डीआईओएस कार्यालय पर उपलब्ध करा दी है।

परिवहन निगमः आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का अटका मानदेय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः रोडवेज बस स्टेशन लखीमपुर में आठ कर्मचारी आउट सोर्स से तैनात हैं, जिनसे विभिन्न प्रकार के कार्य लिए जा रहे हैं। इसके बावजूद इन सभी कर्मचारियों को समय पर मानदेय तक नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कर्मचारियों को अभी तक मई माह का पैसा नहीं मिला है।

परिवहन निगम के रोडवेज बस स्टेशन लखीमपुर में आठ कर्मचारी आउट सोर्सिंग पर हैं। इनमें तीन गन मैन के पद पर हैं और अन्य पांच कर्मियों में कुछ से पूछताछ कार्यालय तो कुछ से अन्य कार्यालयों में काम लिया जा रहा है। मगर, मानदेय देने के मामले में इनका जमकर शोषण हो रहा है। स्थित यह है कि इन कर्मचारियों को अभी तक मई माह का मानदेय नहीं मिला है। जबकि जून के भी 22 दिन बीत चुके हैं। सात दिन बाद जून माह भी खत्म हो जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर मानदेय न मिलने से रोजी रोटी चलानी मुश्किल हो जाती है। मानदेय समय पर दिलाने के बाबत कोई सुनने वाला नहीं है। संबंधित फर्म के लोगों से कहो तो वह निकालने की धमकी देने लगते हैं। इसलिए रोजगार की आस में निरंतर काम कर रहे हैं।

शिकायत कर्ता का नाम बताओ, बाहर का दिखाएंगे रास्ता

भूतपूर्व सैनिक सिक्योरिटी सर्विस के सुपरवाइजर पीडी दीक्षित ने बताया कि निगम से ही पेमेंट समय पर नहीं मिलता। तीन–तीन माह का भुगतान नहीं मिला, फिर भी कर्मचारियों को अपने पास से पेमेंट किया। लखीमपुर डिपो के ही नहीं, बल्कि पूरे रीजन के कर्मचारियों को अभी भुगतान नहीं दिया गया। समय पर मानदेय न मिलने के सवाल पर झल्लाए सुपरवाइजर ने कहा कि शिकायत कर्ता का नाम बताओ उसे बाहर का रास्ता दिखाते हैं। फिलहाल दो से तीन दिन में कर्मचारियों को भुगतान मिल जाएगा।

> आउटसोर्स से तैनात कर्मचारियों को मई माह का मानदेय अभी नहीं मिला गया है। मालुम हुआ कि तीन लोगों का भुगतान किया गया है। इसको लेकर इनके सुपरवाइजर से वार्ता की है। दो से तीन दिन में भुगतान करने की बात कही है।
> –नरेंद्र सिंह, केंद्र प्रभारी लखीमपुर डिपो

बांकेगंज चौकी इंचार्ज व भीरा का सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल सिंह और थाना भीरा के एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान चौकी इंचार्ज पर पीड़ितों से अभद्रता करने के आरोप लगे थे। वहीं सिपाही पर 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप पर कार्रवाई की गई है।

बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल सिंह लोकसभा चुनाव के दौरान काफी चर्चा में रहे। उन पर चौकी पर आने वाले पीड़ित पुरुष और महिलाओं से अभद्रता करने के कई बार आरोप लगे थे। इधर दो दिन पहले थाना भीरा क्षेत्र में पुलिस ने घर की पटाई करने के लिए अपने खेत से मिट्टी निकालकर ले जा रहे एक युवक और उसके दो बेटों को पकड़कर हवालात में बंद कर दिया था। बाद में उससे 20 हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद तीनों को ट्रैक्टर-डनलप समेत छोड़ा था। पीड़ित ने मामले की शिकायत पलिया विधायक रोमी साहनी से की थी। विधायक ने थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को जमकर खरी खोटी सुनाई थी। सीओ यादवेंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया भीरा थाने पर तैनात सिपाही संजय और एक होमगार्ड दोषी पाए गए। सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। होमगार्ड पर कार्रवाई के लिए कमांडेंट को पत्र लिखा गया है। उधर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने चौकी इंचार्ज बांकेगंज के निलंबन की पुष्टि की है। एसआई पवन प्रताप सिंह को चौकी बांकेगंज का प्रभारी बनाया है।

प्रदर्शन कर हिंदू संगठनों ने फूंका लव जिहाद का पुतला

कचहरी गेट पर पुतला जलाकर की नारेबाजी, अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पलिया- धौरहरा में भी फूंके गए पुतले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले भर में शनिवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और लव जिहाद का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र भी सौंपे। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

शनिवार को हिंदू संगठनों के तमाम लोग लव जिहाद, गौहत्या, अवैध खनन आदि के विरोध में सुबह 10:30 बजे विलोबी मैदान में एकत्र हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में कार्यकर्ता लव जिहाद का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए कचहरी गेट पर पहुंचे, जहां पुतले को जलाया गया। यहां से कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां भी जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में थाना खीरी क्षेत्र में किशोरी लव जिहाद का शिकार हुई। वह गर्भवती भी हो गई। आरोप है कि विवेचक दरोगा गौरव ने अपराधियों से सांठ गांठ करके पाक्सो एक्ट नहीं लगाया, जिससे कोर्ट में अपराधियों को लाभ मिल गया। महिला थाने की एक सिपाही पर बर्खास्त दूसरे समुदाय के पीआरडी जवान के साथ मिलकर पीड़ित हिंदू महिलाओं का उत्पीड़न करती हैं। महेवागंज चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात उर्दू अनुवादक शकील की सर्विस से पहले की सम्पति स्थित एवं वर्तमान सम्पत्ति स्थित की जांच कराने आदि की मांद की गई। हिंदू संगठन के नेता राम पांडेय ने कहा बहुत से हिंदू गांव छोड़ कर पलायन करने व आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सूर्यमणि मिश्र ने कहा कि लखीमपुर खीरी लव जिहाद का केंद्र बनता जा रहा है। आतंकवाद के पोषक इस्लामी जेहादी वा भ्रष्ट पुलिसकर्मियों से मिलकर हिंदुओ की बहन बेटियों की इज्जत लूट रहे हैं। हिंदुओ की जमीन इस्लामी कट्टर जेहादी जबरन जगह जगह कब्जा करते हैं। ज्ञापन देने वालों में अंकुश सहगल, तुषार सिंह सिसोदिया, विशाल, यश पंडित, मनीष सिंह, विष्णु,मयंक, विराट वर्मा, सूर्यप्रकाश मिश्र आदि रहे।

लखीमपुर में कचहरी गेट पर पुतला जलाते हिंदू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हिंदू संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पलिया कलां। विश्व हिंदू परिषद समेत कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम कार्तिकेय सिंह को सौंपा। ज्ञापन में जिले में बढ़ी धर्मांतरण और लव जिहाद, गौकशी आदि की घटनाएं करने व उनको संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में घटित घटनाओं का जिक्र कर पुलिस की कार्रवाई को भी दोषपूर्ण बताया गया है। ज्ञापन देते समय विहिप ब्लॉक प्रभारी पलिया सत्येंद्र मिश्रा, सक्षम शुक्ला, नंदकिशोर, वीरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, श्यामू मौर्य , अशोक कुमार, राजकुमार आदि रहे।

धर्मांतरण और अवैध कब्जे को लेकर विहिप का प्रदर्शन

धौरहरा। तहसील परिसर में हिंदू संगठनों के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए इस्लामिक आतंकवाद, लव जिहाद और कट्टर पंथियों द्वारा हिंदुओ की भूमि और धार्मिक स्थलों पर अवैध कब्जे आदि को लेकर आतंकवाद का पुतला फूंका। एसडीएम न्यायिक शशिकांत मणि को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि जनपद में करीब सौ से अधिक लव जिहाद के मामले हैं, पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। इस दौरान विहिप नेता हर्षित मिश्रा,रमेश रस्तोगी, सुरेन्द्र दीक्षित, सुमित गुप्ता, रामनरेश साहू आदि रहे।

मुख्य चौराहे पर फूंका पुतला, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निघासन। हिंदू संगठनों ने मुख्य चौराहे पर लव जिहाद का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी भी की। सिंगाही रोड पर नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील पहुंचे, जहां एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बजरंग दल संयोजक आशीष जायसवाल, रवि शाक्य, प्रदीप शर्मा, राकेश, शिवम गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, रामगोपाल, राकेश निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिन्दू संगठन के लोग।

लव जिहाद, हिंदू उत्पीड़न, गौकसी पर लगे रोक

गोला में एसडीएम को ज्ञापन देते हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी।

गोला गोकर्णनाथ। बजरंग दल के प्रदेश मंत्री अशोक जोशी, जिला गौ रक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता हिमांशु जोशी के नेतृत्व में हिंदूवादी संगठनों ने लव जिहाद के पुतले की अर्थी निकाली। अशोक चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते समय पियूश जायसवाल, रानी गिरि, लवकुश दीक्षित, सुलभ शर्मा, सुमित श्रीवास्तव, अभिराम तिवारी, अभिषेक कुमार, सुमित तिवारी, श्रीष कुमार, मोहित सिंह, अंकित मिश्र, सूरज कुमार, विशेष राय, सत्येंद्र शुक्ला, करन कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

युकां ने नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में किया प्रदर्शन

अतिरिक्त एसडीएम रेणु मिश्रा को ज्ञापन देते कांग्रेसी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में शनिवार को युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जिलाध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रेणु मिश्रा को सौंपा। जिलाध्यक्ष नवाज खान ने कहा 23 लाख से ज्यादा छात्र नीट परीक्षा में हुई धांधली से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले भी कई पेपर लीक हो चुके हैं। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की मिलीभगत से पेपर लीक माफिया हावी हैं। सुल्तान मेराज अली खान ने कहा लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं ले पा रही है। कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की भी मांग की है। धरना-प्रदर्शन में अकील अहमद, रवि गोस्वामी, जावेद उस्मानी, अकीदत अली खान, वारिस खान, शराफत अली, नुदरत अली खान, वासिफ अली खान, राम सेवक, आदिल अहमद आदि मौजूद रहे।

दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट में लहराया तमंचा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर की पुलिस चौकी संकटा देवी क्षेत्र के मोहल्ला कमलापुर में किसी बात को लेकर शनिवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों में गाली गलौज के साथ मारपीट होने लगी। इस दौरान एक युवक ने काफी देर तक तमंचा भी लहराया, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

बड़ी रेल लाइन के लिए अभियान चलाएगा नगर व्यापार मंडल

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : नगर के अग्रसेन धर्मशाला में नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें मैलानी से पलिया होते हुए बहराइच तक रेल प्रखंड के आमान परिवर्तन की मांग उठी। बैठक में तय किया गया कि क्षेत्र में बड़ी रेल लाइन के लिए प्रारंभ में दो हजार पोस्टकार्ड भारत सरकार को भेजे जाएंगे। इसके बावजूद यदि आमान परिवर्तन न हुआ, तो इस हेतु वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा। नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कई व्यापारियों ने क्षेत्र में बड़ी रेल लाइन न होने से शहर का व्यापार बुरी तरह प्रभावित होते जाने की बात रखी। इस पर कई व्यापारियों ने भारत सरकार के प्रधानमंत्री व रेल मंत्रालय को पोस्टकार्ड भेजे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से मान लिया गया। कुछ व्यापारियों ने दुधवा टाइगर रिजर्व अधिकारियों द्वारा इस संदर्भ में वन्य जंतुओं की सुरक्षा की बात रख की जा रहीं आपत्तियों को हरिद्वार, ऋषिकेश ,देहरादून जैसे अंडरपास बनाकर दूर किए जाने के भी सुझाव दिए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्याम आनंद, केडी सिंघल, आरपी पांडेय,जसवीर फ्लोरा, रमेश बाजपेई , फिरोज खान, हरविंदर सिंह, गौरव अग्रवाल, आदित्य मौर्य , एजाज अहमद आदि अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।

धूमधाम के साथ मनाया मां भगवती का स्थापना दिवस

संवाददाता, बरवर। अमृत विचार : नगर स्थित देवीस्थान मंदिर पर हर वर्ष की भांति मां दुर्गा भगवती के तेरहवें स्थापना दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । आयोजक हिंदू उत्सव आयोजन सेवा समिति ने मां भगवती दुर्गा को नवीन वस्त्र धारण कर तेरहवें स्थापना दिवस पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। बरवर नगर से लेकर क्षेत्र के मां के भक्तों ने मां के दरबार में पहुंचकर मां के प्रसाद को पाकर अपने आप को धन्य किया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रस्म अदायगी बनकर रह गया थाना समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ, जो कि सिर्फ रस्म अदायगी बनकर रह गया है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा सदर कोतवाली और थाना खीरी पहुंचे। अफसरों ने वहां शिकायतें भी सुनी। प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष तरीके से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पलिया कलां। पलिया कोतवाली में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता आयोजित समाधान दिवस में 14 शिकायतें आईं। इस दौरान सीओ यादवेंद्र यादव भी मौजूद रहे। इन शिकायतों में से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

सदर कोतवाली में शिकायत सुनते सीडीओ अनिल सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

▸▸ सीडीओ व एसपी सदर कोतवाली व थाना खीरी पहुंचे, सुनी समस्याएं

भीरा। सीओ गोला राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुए थाना समाधान दिवस हुआ, जिसमें मेड़ आदि को लेकर शिकायतें आईं। सीओ ने राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर मौके पर भेजी और निस्तारण कराने के आदेश दिए।

महंगापुर/ सम्पूर्णानगर। संपूर्णानगर थाने में समाधान दिवस में पहुंचीं 10 शिकायतों में 08 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। इस दौरान यादवेंद्र यादव, तहसीलदार आरती यादव, संपूर्णानगर थानाध्यक्ष निराला तिवारी आदि मौजूद रहे।

छह शिकायतों में से एक का भी निस्तारण नहीं

पसगवां। एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व विभाग की छह शिकायतें आई। किसी का निस्तारण नहीं हो सका। निस्तारण के लिए टीमें भेजी गई है। उधन्नापुर निवासी अखिलेश कुमार ने शिकायत की कि गांव के ही एक व्यक्ति ने टीम द्वारा दो बार मेड़बन्दी के बाद मेड़ गिरा दी। सीओ अरुण कुमार सिंह ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश थाना पुलिस को दिए। अभयपुर निवासी रामनारायण ने मेड़ विवाद और काशीपुर निवासी कुंज बिहारी ने कब्जा दिलाने की मांग की। एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार और सीओ अरुण कुमार सिंह ने शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में कार्य वाहक थाना प्रभारी बृजेश सिंह और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

रकेहटी में नाला निर्माण को लेकर फंसा पेच

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार: निघासन नगर पंचायत प्रशासन ने रकेहटी कस्बे में नाला निर्माण शुरू करा दिया है। इसको लेकर व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि जब निघासन में नाला निर्माण 20 फिट पर हुआ तो रकेहटी में 30 फिट पर क्यों हो रहा है। व्यापारियों की नाराजगी इस बात को लेकर है कि 30 फिट पर नाला निर्माण होने से तमाम दुकानें और मकान टूटने की जद में आएंगे।

नगर पंचायत निघासन प्रशासन ने रकेहटी चौराहे पर 30 फिट की दूरी पर नाला निर्माण शुरू कराया है। इसको लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। इनका कहना है कि निघासन में बिना किसी नुकसान के नाला बन गया, लेकिन रकेहटी में नाला निर्माण के लिए जो दूरी निर्धारित की है उससे तमाम दुकानें और मकान टूटने की जद में आएगें। बता दें कि ढखेरवा निघासन हाइवे के बीच से 30 फुट पर नाला निर्माण होना है। इस पर व्यापारी सहमत नहीं है। व्यापारी सतीश पांडेय का कहना है कि यदि नाला निर्माण 29 फुट पर हो जाए तो किसी का नुकसान नहीं होगा। व्यापारी संदीप गुप्ता का कहना है कि पंचायत प्रशासन नाला निर्माण में मनमानी कर रहा है। ठेकेदार रोजाना दुकानस्वामियों को आकर धमकाता है। वहीं राकेश गुप्ता का आरोप है कि चुनावी रंजिश के तहत रकेहटी में नाला निर्माण को लेकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। दिनेश गुप्ता का कहना है कि निघासन मुख्य चौराहे से होकर नाला निर्माण किया गया है । जहां पर कोई नियम कानून लागू नहीं किया गया। मगर, रकेहटी में सारे नियम कानून लागू किये जा रहे है।

> पीडब्ल्यूडी की ओर से 35 फिट पर नाला निर्माण कराना निर्धारित किया गया था। मगर, बैठक में व्यापारियों संग 30 फिट पर सहमति बनी है। इसके अनुसार ही नाला निर्माण कराया जा रहा है। पैमाइश कराने के बाद ही मालूम होगा कि नाला निर्माण की जद में कितनी दुकानें और मकान आ रहे हैं।
>
> -दिनेश शुक्ला, अधिशासी अधिकारी

कार्यालय नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई

पत्रांक: 402/ न0पं0बे0/2024-25 दिनांक:-22/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

समस्त प्रकार के प्रतिष्ठानों/दुकानों/संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है वह थोक अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के तहत थोक बल्क वेस्ट जेनेरेटर की श्रेणी में आता है। थोक अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई को प्रदान करेंगे।

अत: उपरोक्तानुसार ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों/दुकानों/ संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को बल्क वेस्ट जेनरेटर घोषित करते हुए नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई को अपने पत्र के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करेंगे अन्यथा नगर पंचायत द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं प्रतिष्ठान का होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बेनीगंज, हरदोई।

जमीन विवाद में बड़े भाई पर बांके से किए प्रहार, घायल

फरधान। अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर देवरिया में जमीन विवाद में दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। छोटे भाई ने बड़े भाई पर बांके से कई ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गांव आदमपुर देवरिया निवासी स्वर्गीय डोरे लाल के चार पुत्र हैं, जिसमें सबसे बड़ा रामपाल, मंझिला छत्रपाल, संझिला हीरा लाल और सबसे छोटा मंसू है। सबसे छोटे भाई मंसू की जमीन में बड़ा भाई छत्रपाल भी हिस्सा मांग रहा था। इसको लेकर कई दिनों से विवाद होता आ रहा था। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी हीरालाल को हिरासत में लिया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

जेके कन्या महाविद्यालय में 140 छात्राओं को मिले स्मार्ट फोन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : गुप्ता कॉलोनी स्थित जीवनलाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत छात्राओं को विधायक अमन गिरि ने 140 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर उसके सदुपयोग की जानकारी दी। जीवनलाल कमला देवी महाविद्यालय में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विश्वनाथ सिंह की अध्यक्षता में उप्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजनांतर्गत 140 छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने स्मार्ट फोन वितरित कर उसके सदुपयोग के लिए प्रेरित कर कहा कि सरकार चाहती है कि प्रदेश के विद्यार्थी पढ़ने लिखने में स्मार्ट बने, इसके लिए उनके हाथों में स्मार्टफोन की तकनीक दी जा रही है, जिससे वह पढ़ लिखकर अपने कैरियर को आसानी से प्राप्त कर सकें। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, बीए खान, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अरुण दीक्षित, एकता वर्मा, मनीष तिवारी, अंकुश दीक्षित, मनीष अवस्थी, रोहित वर्मा, श्रेष्ठ दीक्षित आदि मौजूद रहे। संचालन रामआसरे त्रिवेदी ने किया। अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन प्राचार्य डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, समापन प्रबंधक जया अग्निहोत्री ने किया।

जेके कन्या महाविद्यालय में स्मार्ट फोन के साथ छात्राएं।

कई वाहनों का चालान

पलिया कलां। यात्री/मालकर अधिकारी परिवहन कौशलेंद्र प्रताप यादव ने अवैध मिट्टी खनन में संलग्न दो ट्रैक्टर ट्रालियों को शनिवार को पकड़ कर पलिया कोतवाली भेजा, वहीं पलिया पुलिस ने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन बसों सहित कई वाहनों का आज चालान काटा। इससे थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप रहा।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से, बैठक कर बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान पहली से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को प्रभारी डीएम सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक कर रणनीति बनाई। कहा कि संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इसके त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई के मध्य प्रस्तावित है।

कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में प्रभारी डीएम/सीडीओ ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए हर तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, आमजन को बताएं कि मच्छर जनित एवं संचारी रोगों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें। सभी एमओआईसी एसडीएम से समन्वय कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस-बीएसए को निर्देश दिए कि बच्चों को स्कूलों में लार्वा पनपने के स्रोतों की न केवल जानकारी दी जाए, बल्कि उनके मध्य प्रतियोगिता भी कराई जाए। सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट किया जाए। सभी हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाए, जिसे रैंडम चेक भी करें। अभियान में आशा-आंगनबाड़ी को भी जोड़ने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने अभियान की सफलता के लिए कई टिप्स दिए। बैठक में डीएमओ डॉ. हरिशंकर, सीएमएस डॉ. कोली, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ आदि मौजूद रहे।

बैठक करते प्रभारी डीएम सीडीओ अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र रविन्द्र कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है जिससे आहत होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। **-महेश सिंह पुत्र उजागर सिंह वीरपुर, सौरिख, कन्नौज**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रीना सिंह पत्नी स्व0 संदीप सिंह, निवासिनी-692ख/91, नेपालगंज, तेलीबाग, लखनऊ** मेरा नाम विवाह से पूर्व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु0 रीना कुमारी था लेकिन विवाह के पश्चात मेरा नाम रीना सिंह हो गया है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो गया। यह कि कु0 रीना कुमारी व रीना सिंह यह दोनों ही नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल निवासी मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला कस्बा व तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरा सगा पुत्र अनूप व पुत्रवधु नीलम को उनके गलत चाल चलन के कारण उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं. भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे व उसके परिवार का उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा ।-**शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल, निवासी- मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला थाना व तहसील संडीला (हरदोई)**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 मुन्ना कश्यप, निवासिनी-फैजुल्लागंज, निकट-सीताराम मन्दिर, थाना-मडियावाँ, लखनऊ, मो0- 7007357077** मैने अपनी पालित पुत्री याशिका के द्वारा परिवार के साथ दुव्यहार एवं गलत आचरण करने के कारण मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। याशिका के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मधुकर सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण मोहन सिन्हा, निवासी-एस-358, शक्ति नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0** का भवन संख्या-17/89एवं 17/144, सेक्टर-17, इन्दिरा नगर, लखनऊ का मूल्य विकय विलेख वास्तव में कहीं खो गया है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त मूल विकय विलेख का दुरूपयोग करता है, तो वह अवैध माना जायेगा ।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.-5188932 वर्ष 2013 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं. 2377370 वर्ष 2016 है और बी. एस. सी. का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.18308158975 वर्ष 2020 है। वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **-अजीत यादव पुत्र विजयलाल यादव निवासी चौकी टेहवा, पोस्ट तरवा जिला आजमगढ़। पिन कोड -276123, मो0- 9161896046**

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

समस्याओं के तत्काल निस्तारण के दिये गए निर्देश

समाधान दिवस : जिलाधिकारी व एसपी ने सुनीं लोगों की समस्यायें, एसपी ने मालखाना का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। समाधान दिवस पर जिले के सभी थाना-कोतवाली में पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने लोगों की फरियाद सुनकर उनके निस्तारण के आदेश दिए। जिलाधिकारी व एसपी ने सदर कोतवाली में फरियादियों की समस्यायों को सुनकर तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। वहीं पुरवा तहसील के तीन थानों में समाधान दिवस पर 78 शिकायत पहुंची इनमें आठ का मौके पर निस्तारण कराया गया।

थाना सामाधान दिवस पर डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने सदर कोतवाली में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की समस्यायें सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सिटी सोनम सिंह भी मौजूद रहीं। इसके बाद एसपी माखी थाना भी पहुंचे। जहां उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। एसपी ने कार्यालय, सीसीटीएनएस, मालखाना व थाना परिसर का निरीक्षण कर अभिलेखों की प्रविष्टियों को भी चेक किया।

लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना।

समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

78 शिकायती पत्रों में मात्र आठ का हुआ निस्तारण

पुरवा। सर्किल के तीनों थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुबह से भीड़ रही। पुरवा कोतवाली में एसडीएम रणवीर सिंह व एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने लोगों की शिकायते सुनीं। इनमें राजस्व व पुलिस से संबंधित 27 शिकायती पत्रों में तीन का निस्तारण कराया गया। वहीं, मौरावां थाना में तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह व एसओ चंद्र कांत सिंह के सामने 35 फरियाद पहुंची। इनमें सिर्फ एक का मौके पर समाधान हो सका। असोहा थाना में नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय व एसओ राम औतार ने लोगों की फरियाद सुनी। 16 में चार शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों भेज कर निस्तारण के लिए कहा गया।

28 शिकायतों में मात्र तीन का हुआ निस्तारण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- एएसपी और इंस्पेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं
- मामलों का निस्तारण न होने से मायूस होकर लौटे फरियादी

अमृत विचार। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे। जहां उन्होंने फरियादियों की फरियाद सुनी। समाधान दिवस में समस्याओं का अंबार रहा। इसके बावजूद महज तीन समस्याओं का निस्तारण हो सका।

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनीं। कुल 28 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 15 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर एएसपी ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित 13 मामले पहुंचे।

जहां एएसपी ने तीन मामलों को मौके पर ही निस्तारित करा दिया। अन्य मामलों को संबंधित दरोगाओं को निस्तारण के लिये सौंपा है। अधिकांश मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये।

वरीयता से निपटाई जाएं निर्यातकों व उद्यमियों की समस्याएं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति व उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। उद्यमियों की समस्याएं सुनते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि निर्यातकों सहित सभी उद्यमियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में हीलाहवाली कदापि बर्दास्त नहीं की जा सकती है। इसलिए विभागाध्यक्षों को सतत समीक्षा करते हुए समस्याओं को निस्तारित कराना चाहिए।

डीएम ने सबसे पहले उद्यमियों को समस्याओं से अवगत कराने को कहा। इस पर किसी ने उद्योग स्थापना के लिए अग्निशमन संबंधी एनओसी प्राप्त होने में अनावश्यक विलंब होने की जानकारी दी। साथ ही उद्योग अवस्थापना के लिए भूमि का कब्जा न प्राप्त होने, भूमि विनियमितीकरण में टालमटोल, औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग जारी रहने, जलनिकासी के समुचित संसाधन न होने, नाला-नालियों में सिल्ट जमा होने, दुर्दशाग्रस्त सड़कों, बंद स्ट्रीट लाईट्स, औद्योगिक भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे किए जाने की समस्याएं बताईं। डीएम ने मौजूद अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। अगली बैठक में उद्यमियों को समस्याओं को दोहराने की जरूरत नहीं रहनी चाहिए। क्रास चेकिंग में लापरवाही व घालमेल पाया जाने पर दोषी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक भूमि पर अराजक कब्जेदारी को बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए। सीओ सिटी सोनम सिंह को संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल ट्रिपिंग बंद कराने को कहा। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उपायुक्त उद्योग सुरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता शारदा नहर शैलेश कुमार सिंह, रियाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

एनएच पर यूटर्न की सुविधा का दिया भरोसा

बंथर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को डीएम ने एनएचएआई के माध्यम से जल्द से जल्द लखनऊ-कानपुर हाईवे पर यूटर्न के लिए कट उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उद्यमियों ने कहा कि यूटर्न सुविधा न होने से अनाधिकृत रूप से इधर से उधर वाहन गुजारने वाले दुर्घटना का शिकार होते हैं, जिससे इकाईयों से आवागमन करते समय उद्यमियों को अनावश्यक समय नष्ट करने को मजबूर होना पड़ता है।

प्रदूषण से निपटने को पौधरोपण में मांगा सहयोग

डीएम ने औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ व सुंदर बनाने की सलाह देते हुए इस संदर्भ में शहर को आकर्षक बनाने में सहयोग दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि घरों की तरह ही अपना औद्योगिक क्षेत्र और शहर भी आकर्षक होना चाहिए। इसके लिए सबसे अधिक जरूरी हरियाली हो सकती है। इसलिए सभी को इकाइयों सहित आसपास इलाके में शुरू होने वाले पौधरोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगवाने चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र के साथ निकटवर्ती शहर को भी साफ-सुथरा व सुंदर बनाने में उद्यमियों को आगे आना चाहिए। डीएम ने कहा पौधरोपण पर्यावरण प्रदूषण की समस्या समाप्त करने के लिए सबसे कारगार साबित होते हैं।

निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की गई जान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा निवासी एक मजदूर शनिवार दोपहर अंबिकापुरम में निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान तीसरी मंजिल से गिर गया। यह देख साथी मजदूर उसे इलाज के लिये नगर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कानपुर निवासी धीरज सोनी का अंबिकापुरम में एक साल से मकान बन रहा है। जिसमें बनी गांव निवासी राजकुमार रावत का 22 वर्षीय बेटा अनिल रावत भी एक साल से काम कर रहा है। शनिवार दोपहर अनिल तीसरी मंजिल से बांस लेने गया। तभी वह अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा। यह देख साथी मजदूर दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद बेहोशी की हालत में इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी साथी मजदूर लता, रताना, राज मिस्त्री करन ने मृतक के परिजनों को दी। मुआवजे को लेकर हंगामा काटने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहे लोगों को शांत कराया। जिसके बाद ठेकेदार ने 20-25 हजार रुपये देने की बात कही लेकिन इंकार कर दिया। परिजन और मकान मालिक के बीच थाने में बात चलती रही।

रोते -बिलखते परिजन।

अनिल।

13 जुलाई को होनी थी अनिल की शादी

मृतक अनिल की 13 जुलाई को शादी होनी थी। शादी को लेकर परिजन तैयारियों में जुटे थे। वहीं उसकी मौत होने पर शादियां की खुशियां मातम में बदल गई।

दो पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग घायल

उन्नाव। असोहा थानांतर्गत भूमऊ गांव में शुक्रवार देरशाम पड़ोसी बच्चों में हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनमें मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के अत्री भारद्वाज आदित्य, कमल पुत्र स्व. दिवाकर, करुणा शंकर पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण, रजोल पुत्र स्व. बिहारी व दूसरे पक्ष से आशीष शर्मा, उसके पिता तेज नारायण शर्मा, अपर्णा शर्मा पत्नी आशीष सहित आरती पत्नी कृपाशंकर शामिल थे। मारपीट के दौरान फायरिंग की भी चर्चा रही। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और दूसरे पक्ष से घायल हुए चार लोगों को सीएचसी लाई। जहां आशीष व उसके पिता को जिला अस्पताल भेजा गया। एसओ राम अवतार ने बताया कि दोनों पक्ष पड़ोसी व रिश्तेदार हैं। किसी ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह गंगा तट पहुंचे और आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया, जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। वहीं पूर्णिमा स्नान होने पर स्टेशन पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, नबावगंज, पिपरसंड, हरौनी, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पूर्णिमा के अवसर पर नगर में जगह जगह शर्बत वितरण व भंडारे का आयोजन कराया गया। इसके अलावा नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।

गंगा तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

एक साथ हुआ तीनों भाइयों का अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दिल्ली से लौटा पिता दो बेटों का शव देखकर हुआ बेहाल

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत मियागंज चौराहा पर शुक्रवार रात दो सगे व एक ममेरे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। तीनों का गांव के बाहर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दो बेटों की मौत की खबर पाकर दिल्ली से लौटा पिता बदवास हो गया।

आसीवन क्षेत्र के कस्बा मियागंज के मेवाती टोला निवासी वंशराज के बेटे अभिषेक (20) व अभय (17) मजदूरी करते थे। शुक्रवार शाम दोनों यहीं के रहने वाले अपने 14 वर्षीय ममेरे भाई जय राठौर पुत्र बबलू के साथ मियागंज आम मंडी से एक ही बाइक से लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े 6 बजे बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर मियागंज सीएचसी के सामने दूसरी बाइक से उनकी बाइक टकरा गई थी। इसमें तीनों सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आए ट्रक ने उन्हें रौंद दिया था। इसमें अभिषेक, अभय व जय की मौके पर मौत हो गई थी। इसके बाद गांव के बाहर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं दिवंगत जय के पिता बबलू की तहरीर पर ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दुकान में घुसे डंपर ने वृद्ध व किशोर को रौंदा

फोसंवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-दही मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर रोड किनारे पंचर की दुकान में घुस गया। इसमें दुकान में मौजूद एक वृद्ध व किशोर की मौके पर मौत हो गई। चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला।

सौरभ।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-पुरवा मार्ग पर पावर हाउस के पास इसरार की सड़क किनारे पंचर की दुकान है। इसमें शनिवार रात कोतवाली क्षेत्र के दलीगढ़ी मोहल्ला निवासी निसार (70) देखभाल के लिए रुकता है। शनिवार शाम वह दुकान पर था। वहीं पास में भूपतीपुर गांव निवासी ओमप्रकाश का बेटा सौरभ (15) भी था। सौरभ के पिता ने अभी हाल में पावर हाउस के पास मकान बनवाकर रहने आए थे। वह कक्षा नौ का छात्र था। शनिवार रात आठ बजे उन्नाव से आया एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया और निसार व सौरभ को रौंद दिया। इसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई। जब लोग दौड़े तो चालक डंपर लेकर भाग निकला। हादसे की खबर मिलते ही परिजन व सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और रूट डायवर्जन के बाद से बढ़ते हादसों से नाराज होकर परिजनों के साथ शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी पटक कर लोगों को हटाया और शवों को मोर्च्युरी भिजवाया।

घटना के बाद मौके पर जाम लगाए परिजन। अमृत विचार

सरकारी जमीनों पर भी धड़ल्ले से हो रहे कब्जे

हसनगंज उन्नाव। थाना दिवस पर इन्होंने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने भूमि संख्या-1642 में 13 बिसुआ जमीन खरीदी थी। उसकी जमीन पर रवि प्रकाश पुत्र सत्य नारायण निवासी आलम नगर लखनऊ, सरवन यादव पुत्र छोटा गांव बाराती खेड़ा, रामसेवक पुत्र मिश्रीलाल व राजू यादव पुत्र रमेश निवासी जानकी खेड़ा के मजरा बेलगढ़ मलिहाबाद ने दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। जब वे लोग बीती शुक्रवार रात जमीन पर निर्माण करा रहे थे तो वह उन्हें रोकने गया तो उन लोगों ने उसे बांका, डंडा व तमंचा दिखा जान से मारने के लिए दौड़ पड़े। इससे उसने वहां से भागकर जान बचाई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है।

सार-संक्षेप

यूपीकैटेट में जिले के देवग्य व अविनाश ने लहराया परचम

उन्नाव। यूपीकैटेट परीक्षा-2024 में जिले के दो युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। प्रवेश परीक्षा में पहली रैंक प्राप्त करने वाले वाले देवग्य प्रताप सिंह मैरीन बायलाजिस्ट या कृषि वैज्ञानिक बनना चाहते हैं। वहीं अविनाश सिंह कृषि क्षेत्र में कुछ विशेष करने की इच्छा रखते हैं, जिससे अन्नदाताओं का जीवन स्तर ऊपर उठ सके। चंद्रशेखर कृषि विश्वविद्यालय आजाद नगर कानपुर से बैचलर करने वाले देवग्य के मुताबिक पिता सहित अन्य पुरखे कृषि कार्य करते आ रहे हैं। इसीलिए उन्होंने कृषि संबंधी शिक्षा ग्रहण करने को जीवन का लक्ष्य तय किया। स्नातक स्तर तक शिक्षा ग्रहण करते हुए कृषि से जुड़े अन्य पाठ्यक्रमों की अपेक्षा मत्स्य पालन में रुचि होने से उन्होंने मास्टर डिग्री इसी विषय से करना तय किया है। जिले में मत्स्य पालन में बहुत संभावनाएं न होने के सवाल पर कहा कि वैश्वीकरण के दौर में पूरी दुनिया अपनी है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में कृषि को जीविकोपार्जन का माध्यम बनाना कठिन है। बांदा कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले अविनाश सिंह ने तीसरी रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि कृषि व्यवसाय की जटिलताओं को कम करने के उद्देश्य से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वह कृषि को अधिक सुविधाजनक व लाभकारी बनाना चाहते हैं, जिससे अन्नदाताओं का जीवन खुशहाल हो सके।

अविनाश सिंह।

देवग्य प्रताप सिंह।

परेशानी | 18 मार्च से अधिवक्ताओं ने कर रखी है अनिश्चित कालीन हड़ताल

4 माह से सिर्फ तारीख पर तारीख

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। करीब चार माह से चल रही अधिवक्ताओं की अनिश्चित कालीन हड़ताल से वादकारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने तहसील की सभी राजस्व कोर्टों में कार्य बहिष्कार कर रखा है। जिससे कोर्टों में विचाराधीन मामले लंबित पड़े हैं।

बार महामंत्री राजीव कुमार।

बता दें कि बीती 18 मार्च को नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के निजी वाहन चालक से अधिवक्ताओं की झड़प हो गई थी। इसके चलते नायब तहसीलदार ने दो अधिवक्ताओं पर सरकारी काम में बाधा डालने व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। जिसके विरोध में अधिवक्ता संघ ने अनिश्चित काल के लिए तहसील की सभी राजस्व कोर्टों का बहिष्कार कर दिया था। जिसके चलते हजारों वादकारियों को कोर्ट से सिर्फ तारीख ही मिल रही है। अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं पर दर्ज मामला वापस लेने की मांग रखी थी। जिस पर तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। जिससे कोर्टों में विचाराधीन हजारों मामले बिना सुनवाई व पैरवी के लंबित पड़े हैं। इस संबध में बार महामंत्री राजीव सिंह ने बताया कि बात चल रही है। संभवतः मंगलवार तक हड़ताल समाप्त हो जाएगी।

तहसील परिसर में पसरा सन्नाटा।

आंख में मिर्च झोंककर रिक्शा चालक से 12 हजार लूटे

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। अज्ञात लुटेरे ने आम लादने का झांसा देकर रास्ते में ई-रिक्शा चालक की आंख में मिर्च झोंक दिया और चालक की जेब में रखे 12 हजार रुपये छीनकर भाग गया।

कोतवाली अंतर्गत गांव जगत नगर के मजरा लौहान पुरवा निवासी ओमकार (30) पुत्र मुन्नीलाल शनिवार सुबह अपने ई-रिक्शा से गांव व क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कोचिंग सेंटर छोड़ने बांगरमऊ नगर के स्टेशन रोड आया था। बच्चों को छोड़कर वह वापस घर आ रहा था। तभी नगर में अज्ञात लुटेरे ने आम की पेटियां लादकर लाने का झांसा दिया और ई-रिक्शा कोतवाली क्षेत्र के गांव पंपापुर जा रहा था। रास्ते में सुनसान जगह देख उसने ई-रिक्शा चालक की आंख में मिर्च झोंक दी और उससे 12 हजार रुपये छीनकर भाग गया।

जेवर व नकदी लेकर महिला घर से गायब

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के इस्लाम नगर में रहने वाली एक महिला एक सप्ताह पहले घर से जेवर और नकदी लेकर कहीं चली गई। उसके पति ने खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

इस्लाम नगर निवासी मो. शकील ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी 15 जून की दोपहर को बिना बताये घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और 35 हजार रुपये लेकर चली गई। जब वह घर वापस आया तो बेटे मो. तौहीर, मो. फैज, मो. सैफ ने मां के कहीं चल जाने की बात बतायी। उसने खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। जिस पर उसने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने को कहा है।

बांगरमऊ की किशोरी को बिहार की किशोरी से हुआ प्यार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- पहले बांगरमऊ की किशोरी बिहार पहुंच गई और वहीं रहने लगी
- पिता की तहरीर पर पुलिस उसे वापस लाई तो बिहार की किशोरी यहां आ धमकी

अमृत विचार। इंस्टाग्राम पर मैसेज व कालिंग के जरिए दो किशोरियों में प्यार ऐसा परवान चढ़ा कि कस्बे की किशोरी भागकर बिहार प्रदेश जा पहुंची। जहां दोनों किशोरियों ने साथ-साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बिहार पहुंचकर कस्बे की किशोरी को बरामद कर लिया और यहां ले आई। किंतु बिहार की किशोरी ने भी पीछा नहीं छोड़ा और वह भी यहां आ पहुंची। अब समलैंगिकता के साथ ही दोनों किशोरियों के नाबालिग होने से पुलिस पशोपेश में फंसी है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी मोबाइल पर इंस्टाग्राम चलाती है। इंस्टाग्राम पर मैसेज व कालिंग के जरिए यहां की किशोरी और बिहार प्रांत के जिला दरभंगा अंतर्गत थाना पतौर के एक गांव की किशोरी के बीच प्यार पनपने लगा। इंस्टाग्राम का यह प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि बीती 12 जनवरी को कस्बे की किशोरी अपने पिता को बताए बिना घर से रफूचक्कर हो गई और जिला दरभंगा निवासी साथी किशोरी के घर जा पहुंची। जहां दोनों किशोरियों ने साथ-साथ जीने-मरने की कसमें खाईं और एक ही घर में रहने लगीं। इधर कस्बे की किशोरी के पिता ने बेटी की नाते-रिश्तेदारों में काफी खोज की। लेकिन, किशोरी का कोई पता नहीं चला। थक-हारकर पिता ने बेटी की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई। कुछ दिनों पूर्व पिता को पता चला कि उसकी बेटी जिला दरभंगा के थाना पतौर स्थित एक गांव में है। पिता की सूचना पर पुलिस थाना पतौर पहुंची और किशोरी को कोतवाली लाई।

खास बात यह है कि बिहार की किशोरी अपनी साथी से जुदाई सहन नहीं कर सकी और वह भी कोतवाली क्षेत्र आ धमकी। अब कोतवाली में दोनों किशोरियां साथ-साथ रहने की जिद पर अड़ी हैं। चूंकि दोनों की उम्र 18 वर्ष से कम है और समलैंगिक विवाह आड़े आ रहा है। ऐसी परिस्थिति में पुलिस किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है। दोनों किशोरियों के बीच का यह मामला अभी भी पुलिस के गले की फांस बना हुआ है।

राहत : सफीपुर में 4.50 करोड़ रुपये से कराए जाएंगे विकास

विकासखंड सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्ताव हुए पास

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। विकास खंड सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने 4.50 करोड़ की कार्य योजना के प्रस्ताव दिए। मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने विकास कार्यों में बजट की कमी आड़े न आने देने की बात कही।

ब्लॉक के फतेहबहादुर सिंह सभागार में शनिवार को बीडीसी व ग्राम प्रधानों के साथ क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 78 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सापेक्ष 57 और 72 ग्राम प्रधान के सापेक्ष 48 प्रधान ही शामिल हुए। क्षेत्र पंचायत बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख निर्मला रावत ने की। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने क्षेत्र पंचायत निधि से विकास कराने की बात कहते हुए, कहा कि विकास कार्यों में बजट की कमी रोड़ा नहीं बनेगा। बैठक में इंटरलॉकिंग, सीसी मार्ग, नाली व खड़ंजा, सोलर लाइट, तालाब जीर्णोद्धार आदि के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने 4.50 करोड़ के प्रस्ताव दिए। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने गावों में साफ सफाई न होने का मुद्दा उठाया। खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि 4.50 करोड़ के प्रस्ताव विकास कार्यों के लिए प्राप्त हुए है। एसडीओ पंचायत छोटे लाल ने बैठक में पूर्व में हुए कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारियों व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, प्रधानपति अनूप सिंह चंदेल, अभिज्ञान तिवारी, प्रमोद सिंह, दिनेश यादव, शैलेश यादव, विनोद मिश्रा, सुधीर कुमार, हुकुम चंद्र, राधाकृष्णन, मुशर्रत अली नुफफी, विनीत तिवारी, प्रशांत बीडीसी बबली, रमेश व रेखा आदि रहे।

सफीपुर क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते अधिकारी।

महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति व बेटे पहुंचे

सफीपुर। बैठक में महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पतियों व बेटों ने उपस्थिति दर्ज कराकर महिला अधिकारों पर सवाल खड़ा किया। चर्चा रही कि असली प्रतिनिधि के बिना क्षेत्र पंचायत की बैठक अफसरों ने कैसे होने दी। कई प्रधानों में इस बात की चर्चा रही कि बैठक में जिला स्तरीय अफसरों ने भाग नहीं लिया व स्थानीय अधिकारी के न होने से ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने वाला भी कोई नहीं रहा। दबी जुबान कुछ सदस्यों ने कहा कि बैठक में महज खानापूर्ति हुई है। सभागार के बाहर सदस्यों ने अपने क्षेत्र में नाली व खड़ंजा जैसे कार्य न होने का दुखड़ा रोया।

बीज व भूमि शोधन से खेती होगी लाभकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- टीकाकरण की तरह काम करता है शोधन कार्य

अमृत विचार। किसान भाइयों खरीफ फसल की बुआई करने से पहले बीज शोधन कराना उत्पादन बढ़ाएगा। इसलिए लाभकारी खेती करने के लिए शोधित बीज की ही बुआई करनी चाहिए। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि इससे फसल विभिन्न रोगों से मुक्त रहती है।

उन्होंने बताया कि बीज शोधन टीकाकरण की तरह काम करता है। टीकाकरण नवजात शिशुओं को तमाम बीमारियों से सुरक्षित करता है। इसी तरह बुआई में शोधित बीज प्रयोग किए जाने से फसल को बीज जनित रोगों से ग्रसित होने की आशंका समाप्त होती है। बीज शोधन कम लागत में बेहतर फसल उत्पादन के माध्यम से लाभ बढ़ा देता है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक बीज शोधन के लिए कार्बेंडाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी दो ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से, थीरम 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज या ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी चार ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधित करने में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसी तरह भूमि शोधन को ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग किया जाना चाहिए। बताया कि भूमि शोधन द्वारा फसल को सड़न रोग व उकठा रोग आदि का बचाया जा सकता है। इसके लिए ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 किलोग्राम मात्रा 60-70 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर एक सप्ताह तक छाया में रखकर प्रतिदिन हाथो से मिलाते रहना चाहिए। साथ ही आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव करते हुए अंतिम जुताई के समय छिड़काव कर खेत में पाटा चलवा देना चाहिए। विभागीय अधिकारी के मुताबिक फसल में कीट व रोग की आशंका होते ही ब्लाक स्तर पर तकनीकी अफसरों से संपर्क कर राहत के उपायों को जानना चाहिए।

सार-संक्षेप

सत्संग समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

जय गुरुदेव का उद्देश्य अच्छे समाज का हो निर्माण

उन्नाव। मौरावां कस्बा के मोतेश्वर मंदिर में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के भक्तों ने एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किय। समारोह में मौजूद लोगों को उज्जैन से आए बाबा जयगुरुदेव संगत के प्रांत प्रभारी आनंद प्रकाश अवस्थी ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह संसार दुखों का सागर है। यहां कोई सुखी नहीं है। इस नश्वर संसार से एक दिन सभी को जाना है। हकीकत और सच्चाई तो यह है कि मनुष्य शरीर से ही प्रभु की प्राप्ति होती है। लेकिन इस माया की भूल-भुलैया में प्राणी अपने मालिक अपने वतन को ही भूल गया और 84 लाख योनियों में चक्कर काट रहा है। सतसंग समारोह में शिवकंठ त्रिपाठी, जयशंकर पांडेय, सत्यप्रकाश शुक्ला, जगदीश पटेल, अजय शर्मा, गयालाल, राजे दीक्षित, रघुनाथ, डा. कमलू, गंगासेवक त्रिपाठी, ओम प्रकाश शुक्ला सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

दो वार्डों में उप चुनाव की प्रक्रिया तेज, 9 नामांकन पत्र बिके

हसनगंज उन्नाव। नगर पंचायत मोहान के दो वार्डों के चयनित सभासदों की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिस पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उपचुनाव कराया जा रहा है। शनिवार को तहसील के निर्वाचन कार्यालय में 9 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। बता दें कि नगर पंचायत मोहान के अजमतगढ़ी वार्ड-2 से शांति देवी व कजियाना वार्ड-4 से प्रकाश रावत सभासद थे। जिनकी बीते माह बीमारी के चलते मौत हो गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दोनों वार्डों में उपचुनाव हो रहा है। शनिवार को 9 नामांकन पत्र बिके। जिसमें वार्ड-2 से बुद्धेश्वरी, केसर जहां, अर्चना गुड़िया व वार्ड-4 से मनोज, सुरेश, विशाल, आजाद व सुनीता ने पर्चे खरीदे। जिसमें 26 तारीख को पर्चा वापसी, 27 को चुनाव चिन्ह वितरण व 8 जुलाई को मतदान के बाद 10 जुलाई को मतगणना होगी।

घर मे घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शुक्रवार रात वह घर अकेली थी। तभी गांव निवासी एक युवक उसके घर में घुस आया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर युवक ने अपने परिवार के अन्य युवकों को बुलाकर उससे गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से पीट दिया। शोर सुन उसका पिता मौके पर पहुंचा तो युवकों ने पिता को भी पीट दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

रिश्तेदारी में गए युवक के घर में चोरी

पुरवा। कस्बे के मोहल्ला जोतपुर निवासी सहदेव शुक्रवार को रिश्तेदारी में परिवार के साथ गया था। शनिवार सुबह वह लौटा तो कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर देखा तो वहां रखा साउंड, पंखा व अन्य सामान गायब था। उसने पड़ोस के दो युवकों पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट की चपेट में आई महिला गंभीर

बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला सिद्धार्थ नगर निवासी देवेश की पत्नी सोनम (25) शनिवार सुबह अपने घर में कूलर का तार प्लग में लगा रही थी। तभी वह तेज़ करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

छत से नीचे गिरी महिला, भर्ती

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी विजय पाल की पत्नी सरोजिनी (55) बीती शुक्रवार रात गर्मी के चलते घर की छत पर सो रही थी। शनिवार सुबह वह छत से नीचे उतरने लगी। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आग की चपेट में आने से किशोर झुलसा

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के भदेहरा गांव में शनिवार दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक आग की चपेट में आने से गांव के महेश का 12 वर्षीय बेटा छोटू बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को आग से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे बच्चे को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर आग की चपेट में आने से महेश के घर का सामान जलकर राख हो गया और चार बकरियां जलकर मर गईं। वहीं रोशन, राजाराम व कमलेश के छप्पर भी जलकर स्वाहा हो गए और उनके कई मवेशी आग की चपेट में आने से झुलस गए। आग की सूचना पर पहुंचे लेखपाल आलोक वर्मा ने इसमें हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

चाट के ठेले पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

औरास। थानाक्षेत्र के गागन गांव निवासी राम सिंह पुत्र सजीवन राठौर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह भुरकुंडी चौराहे पर किराये की दुकान लेकर चाट का ठेला लगाता है। शुक्रवार रात दो बजे भुरकुंडी चौराहा निवासी दो युवकों ने उसके तीन ठेलों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब वह पूछने गया तो गालियां देकर और जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। जिस पर पीड़ित ने युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिनी बस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, मां-बेटे समेत तीन घायल

बांगरमऊ। हरदोई जिला के थाना माधौगंज अंतर्गत गांव इकसैया निवासी दूबरि प्रसाद (70) पुत्र शिवलाल अपनी बहू रिंकी (22) व अपने तीन माह के पौत्र आर्यन के लिए दवा लेने कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद गया था। दवाई लेने के बाद वह शनिवार को बहू व पौत्र के साथ ई-रिक्शा से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में सुबह 11 बजे लखनऊ मार्ग स्थित गांव सुरसेनी व मऊ के बीच तेज रफ्तार मिनी बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया और बहू व पौत्र सहित दूबरि प्रसाद गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। चिकित्सकों ने दूबरि को गंभीर देख रेफर कर दिया। जबकि बहू व पौत्र का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

बाग में मिला फ्लोर मिल मजदूर का शव

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में संडीला मार्ग के सहदानी गांव के पास एक फ्लोर मिल मजदूर का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिला के विधान थानाक्षेत्र के फुहिया गांव निवासी ठेकेदार गुलाब पुत्र अनिल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 15 दिन पहले बिहार के खगड़िया जिला के थाना मुडकाही क्षेत्र के बसौटा गांव निवासी दिलीप (34) पुत्र रामसागर साहू मजदूरी करने आया था। इस पर उसने उसे कोतवाली क्षेत्र के संडीला रोड पर बाला जी फ्लोर मिल में मजदूरी के लिए भेजा था। बताया कि तीन दिन पहले दिलीप बीमार हो गया था। शुक्रवार को साथी मजदूर से दवाई लेने बांगरमऊ जाने की बात बताकर निकला था। लेकिन, वापस नहीं लौटा। शनिवार को उसका शव सहदानी गांव के पास एक बाग में पड़ा मिला।

जाजमऊ पुल पर कंटेनर खराब होने से लगा जाम

शुक्लागंज उन्नाव। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर शनिवार शाम जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। जिस कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह मशक्कत कर जाम हटवाया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। शनिवार शाम करीब छह बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। चालक ने स्टार्ट करने का प्रयास किया लेकिन कंटेनर चालू नहीं हो सका और बीच पुल पर खड़ा हो गया। जिस कारण पीछे से आ रहे बड़े वाहन आगे नहीं निकल सके और लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह कंटेनर को क्रेन से किनारे करवाया गया। जिसके बाद वाहन निकलना शुरू हुये। इस दौरान शाम सात बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में तमाम वीआई और लंबी दूरी के बसों के अलावा तमाम वाहन सवार फंसे रहे।

एक नजर

युवती ने युवक के खिलाफ दी छेड़छाड़ की तहरीर

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव निवासी एक युवक उससे आए दिन छेड़खानी करता है। कई बार परिजनों ने लोकलाज के डर से शिकायत करने से मना कर दिया। इसके बावजूद शुक्रवार को फिर वह युवक उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने लगा। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि युवती ने तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

बांगरमऊ। कोतवाली में तैनात दरोगा विनोद कुमार हमराही धर्मराज सरोज व अंकित सिंह के साथ शनिवार को गश्त पर थे। तभी उन्होंने नगर के बाईपास मार्ग स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर संपर्क मार्ग मोड़ पर संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

बच्चों के विवाद में भिड़े बड़े, कई घायल

पुरवा। असोहा थानाक्षेत्र के गांव भाऊमऊ निवासी आशीष का गांव निवासी कमल से शुक्रवार को बच्चों को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों पक्ष में सुलह हो गई थी। शनिवार सुबह आशीष व कमल में फिर गालीगलौज होने लगी। जिस पर कमल के परिजन लाठी-डंडे निकाल लाए और आशीष को पीटने लगे। शोर सुन बचाने दौड़े पिता तेज नारायण, पत्नी अर्पणा व आरती को भी जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लाई। जहां आशीष व तेजनारायण की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज चल रहा है। एसओ राम अवतार ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद, लगे जयकारे

पूजन-अर्चन करतीं चेयरमैन व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार पर शहर में जगह-जगह भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानू के साथ मिलकर झंडेश्वर मंदिर के बगल में पूजा-अर्चना करते हुए भंडारा की शुरुआत की। इस तरह कचौड़ी गली सहित अन्य स्थानों पर भी भंडारा का प्रसाद बांटा जाता रहा।

ज्येष्ठ के सभी बड़े मंगल सहित अन्य दिनों पर आस्थावान लोग बाबा बजरंगबली के प्रसाद के तौर पर भंडारा व शर्बत वितरण कराते रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने झंडेश्वर मंदिर के पास परंपरागत ढंग से भंडारा आयोजित कराया। उन्होंने पालिकाध्यक्ष के साथ संकट मोचन हनुमान के चित्र की पूजा-अर्चना करते हुए करीब 12 बजे से भंडारा शुरू कराया।

भंडारा में प्रसाद के तौर पर छोला-पूड़ी व पुलाव सहित शीतल पेय बांटा जाता रहा। इसी तरह कृष्णानगर में पंजाब धर्मकांटा के सामने आयोजित भंडारा में भी प्रसाद ग्रहण करने वालों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा कचौड़ी गली, आवास विकास कालोनी, सिविल लाइंस, गांधीनगर, टैंपो स्टैंड व इंदिरानगर इलाकों में भी भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा।

- चेयरमैन प्रतिनिधि ने झंडेश्वर मंदिर में दोपहर से शाम तक कराया भंडारा

श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया दान

परियर। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर शनिवार को ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने स्थानीय गंगातट पर स्नान के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वहीं, रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जलाभिषेक कर मंगल कामना की। स्थानीय ब्रह्मावर्त गंगातट पर श्रद्धालुओं के जत्थे शुक्रवार शाम से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह ब्रम्हमुहूर्त में गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और वहां मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मंदिर व जानकी कुण्ड आश्रम स्थित मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक व महिला की मौत

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत बम्हना गांव निवासी हरीओम (19) पुत्र सीताराम गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मरहला चौराहा के पास स्थित मिठाई की दुकान में काम करता था। शुक्रवार देरशाम वह माखी गांव के मोहल्ला मझखोरिया निवासी अपनी बहन पूनम की सास नंदनी (44) को छोड़ने जा रहा था। तभी माखी थानाक्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डीहा गांव के पास सामने से आए लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, पीछे बैठी नंदनी उछलकर दूर सड़क किनारे गिर गई थी। पुलिस ने परिजनों को हादसे की खबर देकर शव मोर्चरी में रखवाया था। वहीं जब परिजन पहुंचे तो उन्होंने बाइक में बैठी नंदनी की तलाश की तो उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

नवीन मंडी के गेट पर फैला है अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नवीन मंडी के मुख्य गेट के बाहर एक दुकानदार ने स्थानीय सुपर मार्केट के सामने अतिक्रमण कर अवैध रूप से कारोबार करने का आरोप लगा सभापति व सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायत पत्र दिया है। इसमें मंडी को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

शहर स्थित नवीन मंडी गेट पर नृपेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण ने मंडी के मुख्य गेट के सामने एक युवक पर अतिक्रमण कर अवैध कारोबार करने का आरोप लगा सभापति व सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायतीपत्र देकर बताया कि मंडी के मुख्य गेट पर अमर नाम के युवक ने गेट के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण कर रखा है। साथ ही वह अवैध रूप से गांजा बेचने का भी काम करता हैं। उसके द्वारा कचरे में लगाई गई आग से कुछ दिन पहले एक कार जल गई थी। दुकानदार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर उससे कई बार कहा गया। लेकिन उसने कोई सुनवाई नहीं की। आरोप यह भी है कि वह मंडी परिसर में लगे नल की टोटियां तोडकर रबड़ से अवैध तरीके से पानी का प्रयोग करता है। साथ ही विद्युत के लाइन में कटिया डालकर चोरी भी करता है।

नवीन मंडी गेट पर किया गया अतिक्रमण। अमृत विचार

जहरीले कीड़े के काटने से गई किसान की जान

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। खेत की रखवाली कर रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख रेफर कर दिया। किसान की रास्ते में मौत हो गई।

औरास थाना क्षेत्र के गांव दुर्गा गढ़ी के मजरा हिम्मत खेड़ा निवासी कल्लू (68) पुत्र पोहकर गांव किनारे खेत में मड़ैया डालकर रखवाली कर रहा था। शुक्रवार शाम सात बजे मड़ैया में रखी चारपाई बाहर डालने के लिये वह मड़ैया में गया। तभी वहां बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसकी हालत देख परिजन उसे एम्बुलेंस से सीएचसी औरास ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से देररात परिजन उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

शनिवार सुबह बेटे ज्ञान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेज दिया।

कल्लू।

अमृत स्टेशन योजना | जेसीबी से नींव खोदने के दौरान निकाली गई मिट्टी के लगे ढेर से परेशान हो रहे हैं यात्री

उन्नाव स्टेशन के विकास का कार्य शुरू, बढ़ेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। रेल अफसरों ने आखिरकार अमृत स्टेशन का निर्माण शुरू करवा दिया है। शुरू में खाली परिसर में निर्माण कराने के लिए नींव खुदाई शुरू हुई है। जेसीबी से की जा रही खुदाई से निकली मिट्टी का मौके पर ही अंबार लगा है। इससे तेज हवा चलने पर मिट्टी रेल यात्रियों की मुसीबतें बढ़ा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष रेल मंत्रालय ने सांसद साक्षी महाराज से स्वीकृत अमृत स्टेशन का शिलान्यास कराया था। निर्माण कार्य न शुरू होने से 100 साल से अधिक पुराने भवन में जहां रेल कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है। वहीं दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को भी एक से दूसरे प्लेटफार्म तक आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए शिलान्यास के महीनों बाद भी निर्माण न शुरू होने से लोगों में नाराजगी है। अमृत विचार ने अमृत स्टेशन का निर्माण न शुरू होने को लेकर जनभावनाओं को उजागर किया था। स्टेशन परिसर में कुछ पुराने आवासों को ढहाने के बाद रेल अफसरों ने पहले खाली पड़ी जमीन पर निर्माण शुरू किया है। नए भवन निर्माण के लिए नींव की खुदाई शुरू हो गई है। जेसीबी से नींव खुदवाने का कार्य शुरू हो चुका है।

खुदाई से निकल रही मिट्टी मौके पर ही ढेर किए जाने से तेज हवा के साथ आसपास इलाके में फैल रही है। इससे रेल यात्रियों सहित क्षेत्रीय निवासियों को मुश्किलें हो रही हैं। खानपान दुकानदारों ने बताया कि ग्राहक मिट्टी को लेकर आपत्ति जताते रहते हैं। अभियंताओं का कहना है कि योजना के तहत नए भवन का निर्माण कराने के बाद आवश्यकतानुसार पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर निर्माण कराते हुए जल्दी से जल्दी अमृत स्टेशन तैयार कर दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन परिसर में भवन निर्माण के लिए की जा रही खुदाई। अमृत विचार

अब सरपट पहुंच सकेंगे हाईवे व रेलवे स्टेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अर्से बाद नगर पालिका परिषद ने जहां लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू करा दिया है। वहीं वर्षों से गड्ढों में तब्दील भूरीदेवी से लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क भी बनने लगी है। इन मार्गों का निर्माण शुरू होने से हजारों लोगों का आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पालिकाध्यक्ष रहते हुए आईबीपी चौराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग तक सड़क निर्माण कराया था। जल निकासी दुरस्त न होने से हाट मिक्स प्लांट से बनी सड़क कुछ वर्षों बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन पूर्व अध्यक्षों ने सड़क निर्माण की जहमत नहीं उठाई। इससे कई वर्षों से भूरीदेवी से हाईवे तक कई जगह वर्ष पर्यंत जलभराव बना रहता था। वहीं गड्ढों में तब्दील मार्ग से गुजरते हुए वाहन चालकों सहित सवारियों को काफी असुविधा होती थी। यह मार्ग न सिर्फ शहर के कुछ मोहल्लों को जोड़ता है, बल्कि बड़ौरा, बक्खाखेड़ा, पड़री व जमुका आदि गांवों के लोगों को भी शहर से जोड़ते हैं। पालिका ने जलभराव को देखते हुए इस बार डामरीकृत के बजाए इंटरलाक रोड बनवाना शुरू किया है। इसी तरह काफी व्यस्त रहने वाला पुराने लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण भी पालिका ने शुरू करा दिया है। इससे रेल यात्रियों को बस स्टेशन सहित विभिन्न मोहल्लों तक आसान सफर की सुविधा प्राप्त हो जाएगी।

भूरीदेवी से राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर होता निर्माण।

ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को जगह-जगह लगे भंडारे

शहर से लेकर गांव तक सुंदरकांड का किया गया पाठ, किसी ने पूड़ी-सब्जी तो किसी ने बांटा शर्बत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। महाबली हनुमान की पूजा के लिए जेठ का महीना विशेष माना गया है। शनिवार व मंगलवार को बजरंग बली की विशेष पूजा होती है। जेठ माह के अंतिम शनिवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। गांव से लेकर शहर तक पूरे दिन भंडारे की धूम रही।

शनिवार को शहर से लेकर गांव तक बजरंग बली की विशेष स्तुति की गई। जगह-जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जेठ की भीषण दोपहरी के बावजूद लोगों की आस्था कम नहीं हुई। भरी दोपहरी में गांव से शहर तक तमाम जगहों पर भंडारे पूरे दिन चलते रहे। किसी ने सब्जी-पूड़ी तो किसी ने शर्बत का प्रसाद बांटा। कई स्थानों पर तहरी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। बिलग्राम रोड स्थित समृद्धि इंटरप्राइजेज सहित नगर में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा अंतिम शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया।

शाहाबाद तहसील मुख्यालय पर भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए अधिवक्ता।

माधौगंज में भंडारे में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार युवा अधिवक्ता परिषद ने तहसील प्रांगण में मृत अधिवक्ताओं और मृत वरिष्ठ पत्रकार की स्मृति में ज्येष्ठ के अंतिम शनिवार को भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का शुभारंभ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से पूजन कर किया। ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को तहसील प्रांगण में युवा अधिवक्ता परिषद ने मृत अधिवक्ता सिंदुल मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, चंद्रभूषण मिश्रा, राजेश पाल वर्मा और मृत वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम दीक्षित, पूर्व महामंत्री अमितेश मिश्रा व अन्य अधिवक्ताओं ने देवी देवताओं का पूजन किया। भंडारे में तहसील के समस्त अधिवक्ताओं, तहसील कर्मचारियों व वादकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिवक्ता सौरभ दुबे, देवव्रत कुशवाहा, अमितेश मिश्रा, अवधेश नारायण पाठक, बसंत गुप्ता, अमित गुप्ता, राजकुमार रावत सहित लोग उपस्थित रहे।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। पहुतेरा स्थित महेश्वरी डेयरी प्रोडक्ट्स के परिसर में हनुमान जी महाराज का कमल महेश्वरी साप्तनीक व नवल महेश्वरी ने पूजन अर्चन कर सब्जी पूड़ी, खीर व बूंदी का राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया है। इस मौके पर हर्षित महेश्वरी, ऋचा महेश्वरी, डायरेक्टर रंजन महेश्वरी प्रियतम सिंह, सुधीर गंगवार, डा.नीरज गुप्ता, गौरव, प्रमोद जैन, के पी सिंह, उमेश महेश्वरी, धीरेंद्र शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

एक नजर

रेलवे ट्रैक के पास खड़ी की डीसीएम, चालक गिरफ्तार

हरदोई, अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर बीती रात एक डीसीएम चालक द्वारा डीसीएम को लाइन संख्या 10 के समीप खड़ा कर दिया। इसी दौरान स्टेशन परिसर के गश्त कर रहे आरपीएफ के दरोगा अमित कुमार द्वारा डीसीएम चालक को जब डीसीएम को रेल ट्रैक के पास से हटाने को कहा तो चालक द्वारा स्टेशन पर अराजकता फैलाने का प्रयास किया। इसके बाद आरपीएफ द्वारा डीसीएम को कब्जे में लेते हुए डीसीएम चालक को हिरासत में ले लिया और आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई। दरअसल इस माल गोदाम की तरफ जाने वाले मार्ग पर कोई भी बाउंड्री वॉल नहीं है। ऐसे में माल लादने के लिए पहुंचने वाली ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक इसी मार्ग से आवागमन करते हैं।

महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने पड़ोसी पर सोते समय घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कस्बे के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने बताया 21 जून को घर पर कमरे में सो रही थी, उसके घर में कोई नहीं था। तभी सेहरामऊ दक्षिणी के गुर्रा गांव हाल पता सैय्यद वाडा निवासी आदेश उर्फ चिंगू गंदी नीयत लेकर उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उसने 1090 पर काल की तो विपक्षी के विरुद्ध कार्रवाई की गई तब से विपक्षी उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सामूहिक विवाह के लिए दूसरे दिन तय हुए 12 जोड़े

हरदोई, अमृत विचार। सामूहिक विवाह के लिए विभिन्न जनपदों से वर पक्ष की ओर से लगभग कुल 115 फॉर्म भरे गए, वहीं कन्या पक्ष की ओर से लगभग 55 फॉर्म भरे गए। जिसमें दूसरे दिन लगभग 12 जोड़े तय हुए है। परिचय सम्मेलन जो जोड़े तय होंगे। उनका विवाह वैश्य समाज की ओर से 14 जुलाई को विधि विधान से कराया जाएगा। जिसका समस्त दहेज व खर्चा सनमानी वैश्य समाज की ओर से किया जाएगा। फॉर्म भरने की पांच जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है और 14 जुलाई तक कई जोड़े बढ़ सकते हैं।

डीएम ने ईओ का रोका वेतन

मुख्यालय से गायब रहने और बैठक में न आने पर हुई कार्रवाई

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कार्यालय से गायब रहने और सरकारी बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण जिला अधिकारी ने कड़े तेवर अपनाते हुए शाहाबाद नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश का जून माह का वेतन रोक दिया है और नोटिस जारी करके तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

शाहाबाद नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी शाहाबाद मुख्यालय पर न रहकर अपने लखनऊ आवास पर रहते हैं। सप्ताह में मात्र दो बार शाहाबाद में उनका आगमन होता है और विभागीय अभिलेख पर हस्ताक्षर करके चलते बनते हैं। अधिशासी अधिकारी के मुख्यालय पर न रहने की वजह से नगर पालिका परिषद में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों को बैरंग लौटना पड़ता है। अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में अनुपस्थित होने के बारे में जब भी पालिका के कर्मचारियों से पूछा गया तो हर बार यही उत्तर मिलता है कि अधिशासी अधिकारी मीटिंग में गए हैं। कौन सी मीटिंग में गए हैं? कहां की मीटिंग में गए हैं? इसका जवाब कोई भी नगरपालिका का कर्मचारी नहीं दे पाता। अधिशासी अधिकारी उपस्थित पंजिका में प्रतिदिन उपस्थित दिखते हैं। इस संबंध में मीडिया के कुछ कर्मियों ने अधिशासी अधिकारी के कार्यालय का रियलिटी चेक भी किया था उस वक्त अधिशासी अधिकारी को कार्यालय में होना चाहिए लेकिन अधिशासी अधिकारी कार्यालय में नहीं थे। पड़ोस के नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय में कुछ सभासद बैठे हुए थे। रियलिटी चेक के दौरान उन्होंने भी अधिशासी अधिकारी के न मिलने की बात मीडिया कर्मियों से कही थी।

▸▸ जिलाधिकारी ने नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा, चेतावनी भी दी गई

अधेड़ की मौत, पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। गांव में ही पीटा गया अधेड़ तहरीर ले कर पुलिस के पास पहुंचता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। अधेड़ के मरने के बाद वही तहरीर उसकी जेब से बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि हरपालपुर थाने के बरनई चतरखा निवासी 50 वर्षीय राकेश पुत्र नत्थू की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी, उसके तीन बेटियां थी, जिनकी शादी हो चुकी थी। राकेश की जेब से निकली तहरीर में उसने लिखा था कि 20 जून (गुरुवार) को गांव निवासी हरिसरन नशे की हालत में पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई करने लगा। बाइक की बैट्री तोड़ दी, एक बोरी गेंहू भी उठा ले गया। वहीं राकेश के भाई पप्पू ने अपनी तहरीर में कहा है कि उसे अपने भाई का शव संदिग्ध हालत में घर के अंदर पड़ा मिला। उसने आरोपी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने शनिवार को डाक बंगले में क्षेत्र वासियों की समस्याएं सुनीं और उनका यथा संभव निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

प्रत्येक शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनती हैं और दुख दर्द को समझने का प्रयास करती हैं। इसी क्रम में डाक बंगले में उच्च शिक्षा मंत्री पहुंची यहां पर बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्र वासियों की कुशलक्षेम पूछने के बाद उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा सभी अधिकारी क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव निराकरण करें। किसी भी क्षेत्रवासी को समस्याओं का सामना न करना पड़े और नाहक किसी क्षेत्रवासी को परेशान किया जाए। इस मौके पर एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर, क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेड़ की डाल गिरी, बच्चे की मौत

दादी घायल, अतरौली क्षेत्र के बंगालपुर गांव का मामला

अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। शनिवार की दोपहर थानाक्षेत्र अतरौली के ग्राम बंगालपुर में मंदिर पर पोते के साथ दादी के ऊपर पीपल का पेड़ फटकर गिर गया, जिसमें दादी घायल हो गई और पौत्र की मौत पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार को दोपहर ग्यारह बजे बंगालपुर निवासी सुनैना अपने चार वर्षीय पोते सक्षम के साथ गांव के बाहर मंदिर में शिवलिंग के ऊपर लगे कलश में जल भरने गई थी, एक बार नल से जल भरने के बाद दोबारा कमंडल में जल भरने के दौरान अचानक से मंदिर के पास ही लगे पीपल के पेड़ की दो डाले फट गई, जिसमें से एक डाल का हिस्सा सीधा सक्षम के सिर पर गिर गया। सक्षम का सिर फटने से मौके पर ही मासूम के मौत हो गई, डाल के झंखाड़ में फंसी दादी घायल हो गई। इर्द गिर्द खड़े लोग आनन फानन में दौड़कर पहुंचकर सक्षम के शव को व दादी को बाहर निकाला। सक्षम के भाई अक्षत, मां राखी, पिता आनंद सहित परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया। अतरौली थानाध्यक्ष दिलेश सिंह ने बताया पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है, कानूनी तौर पर जो मदद हो सकेगी वह की जाएगी।

सक्षम

पीपल की गिरी डाल। अमृत विचार

सफाई कर्मी ने की खुदकुशी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ग्राम पंचायत सुहागपुर के मजरा गौटिया निवासी एक सफाई कर्मी ने पत्नी से विवाद के कारण घर के अंदर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम पंचायत सुहागपुर के मुजरा गौटिया निवासी रमाकांत शर्मा पुत्र रामशरण भरखनी ब्लाक के अंतर्गत सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। बताया जाता है रमाकांत का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उसकी पत्नी मायके चली गई थी।

सार-संक्षेप

प्रसूता को नहीं लगाया इंजेक्शन, डॉक्टर का तबादला

हरदोई, अमृत विचार। प्रसव के लिए सीएचसी पर आई महिला का सीजर होना था महिला डॉक्टर ने सीजर की तैयारी शुरू कर दी। बेहोशी वाले डॉक्टर (निश्चेतक) सीएचसी के आवास पर बैठे थे उनको फोन किया गया, लेकिन वह नहीं आये। सीएचसी इन्चार्ज ने जैसे तैसे महिला का सीजर करवाया। डॉक्टर की लापरवाही की जानकारी मिलते ही सीएमओ ने डॉक्टर का तबादला कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने लापरवाही करने बाले डॉ. सतेंद्र गौतम का तबादला पिहानी सीएचसी पर कर दिया। पिहानी में तैनात निस्चेतक डॉ अरुण कुमार को इनकी जगह पर तैनात किया है। तबादले की जानकारी मिलते डॉ सतेंद्र गौतम छुट्टी पर चले गए। सीएमओ के आदेश पर सीएचसी इन्चार्ज ने इनको एकतरफा रिलीव कर दिया। सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि अभी नवागत डॉ. अरुण कुमार ने ज्वाइन नहीं किया है।

शर्मा क्रिकेट अकादमी जीती, मैन ऑफ द मैच बने अर्पित

हरदोई, अमृत विचार। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे एप्टेक अंडर -16 का के चौथे मैच में शर्मा क्रिकेट अकादमी के अर्पित और अभिनव की शानदार गेंदबाजी के आगे आरबी पब्लिक स्कूल की टीम लड़खड़ाती हुई 36 रनों पर ही सिमट गई। अर्पित ने पांच विकेट और अभिनव ने तीन विकेट हासिल किए। शर्मा क्रिकेट अकादमी से विजेता बनीं। सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को एप्टेक अंडर-16 कप का चौथा मैच सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल तथा शर्मा क्रिकेट अकादमी बीआर पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। मैच में टॉस सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल के कप्तान सक्षम ने जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शर्मा क्रिकेट अकादमी बीआर पब्लिक स्कूल ने 17 ओवर में सभी विकेट खोकर 103 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की टीम 11.1 ओवर मे सभी विकेट खोकर 36 रन ही बना सकी। शर्मा क्रिकेट अकादमी बीआर पब्लिक स्कूल ने 67 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अर्पित को मिला। अर्पित ने 5 ओवर में 13 रन देखकर 5 विकेट हासिल किए। उन्होंने एक ओवर मेडन डाला। साथ ही उन्होंने दो चौकों की मदद से 8 रन भी बनाए।

युवक पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के दिलेरगंज निवासी एक युवक पर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है। नगर के किराना व्यापारी धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि 11 जून को हरदोई के रूपेश गुप्ता अपने परिवार के साथ शाहजहांपुर से वापस आ रहे थे। नगर के बस स्टैंड के निकट शराब की दुकान के सामने कार अनियंत्रित होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, दो लोग गंभीर घायल हुए थे। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया था। कस्बे के दिलेरगंज निवासी गोपाल गुप्ता ने हवालात में बंद कार चालक से कहा, पुलिस उस पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर रही है। उसकी पैठ है पुलिस को चार लाख रुपया दो कुछ नहीं होगा। पुलिस से बात हो गई है। घबरा कर रूपेश गुप्ता ने शाहजहांपुर निवासी अनिल गुप्ता को पूरी बात बताई। अनिल गुप्ता ने धर्मेंद्र को फोन कर गोपाल गुप्ता को चार लाख रुपए देने की बात कही। उसने चार लाख रुपए गोपाल को दे दिए। दूसरे दिन पुलिस के नाम पर झूठ बोलकर पैसा लेने की बात चर्चा में आने के बाद विपक्षी ने तीन लाख पचास हजार रुपए उसे वापस कर दिए और पचास हजार रुपए शाहजहांपुर निवासी अनिल गुप्ता को वापस कर दिए। विपक्षी ने कार चालक रूपेश, अनिल गुप्ता और उससे एक्सीडेंट की घटना की हत्या की घटना का डर दिखाकर और झूठ बोलकर चार लाख वसूल किए थे। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तालाब की पैमाइश करती राजस्व टीम। अमृत विचार

कब्जे को लेकर पौराणिक निम्बी तालाब की पैमाइश की

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे का प्रसिद्ध पौराणिक स्थल निम्बी तालाब पर मिट्टी डालकर अतिक्रमण कर कब्जा करने की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर रिपोर्ट नगर पालिका को सौपी। ऐसे में पैमाइश की जद में सड़क के किनारे बने कई पक्के मकान आ रहे है जो तालाब की ही भूमि पर बनाए गए। बताते चले कि निम्बी तालाब पर विगत कुछ दिन पूर्व से मिट्टी डालकर अतिक्रमण कर कब्जा करने की नियत से भरान कराया जा था जिसकी शिकायत नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा ने उप जिलाधिकारी बिलग्राम ने पत्र भेजकर चिंहाकन व सीमांकन को लेकर की थी। वहीं तालाब पर अवैध कब्जा होने पर पूर्व सभासद गजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री और जिलाधिकारी हरदोई से भी की ताकि तालाब का स्वरूप बना रहे। शनिवार को क़ानून गो जीतेन्द्र सिंह, लेकपाल शिव मोहन, मो जमाल के साथ नगर पालिका के लिपिक रामलखन, सलीमुद्दीन, राहुल पाठक ने पैमाइश कराई तो पता चला कि तालाब पर जो मिट्टी डालकर कब्जा हो रहा है वो तालाब में ही है। इसके आलावा राघौपुर रोड के किनारे तालाब की तरफ के मकान भी पैमाइश की जद में आ रहे है।

मांझे की चपेट में आया दोपहिया सवार, मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विकास खण्ड कछौना की ग्राम सभा बर्राघूमन के ग्राम कटका निवासी दोपहिया सवार एक व्यक्ति की एक सप्ताह पूर्व लखनऊ में प्रतिबंधित चाइनीज खूनी मांझे की चपेट में आने से लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

बतातें चलें थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम कटका निवासी दिवाकर सिंह उर्फ बबलू सिंह के भाई सुधाकर सिंह उम्र 48 वर्ष लखनऊ में एक प्राइवेट कम्पनी में काम करते थे। एक सप्ताह पूर्व वह दोपहिया वाहन से जा रहे थे। इसी दौरान प्रतिबंधित चाइनीज खूनी मांझे की चपेट में आने से वह बुरी तरह से चुटहिल हो गए। जिनका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा था, जिनकी शनिवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा, इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के दो बच्चे हैं, उनके सिर से पिता का साया खूनी मांझे ने छीन लिया है। मृतक प्राइवेट कंपनी में काम करके परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। देश में प्रतिबंध चाइनीज मांझा नायलॉन के धागे में मैटेलिक पाउडर मिलाकर तैयार किया जाता है, जो काफी मजबूत होता है।

प्रतिबंध के बावजूद बिक रहा चाइनीज मांझा

हरदोई। प्रतिबंध लगाने बाद इसे रखने और इस्तेमाल करने पर अधिकतम 5 साल की सजा और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया हैं। पतंग उड़ाने के लिए सिर्फ सूती धागे के इस्तेमाल करने की इजाजत है, इसके बावजूद प्रशासन का ढीला रवैया के चलते चाइनीज मांझे की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। लोग बैखोफ होकर मांझे को बेच रहे हैं। पतंग के शौकीन लोग बिना डर के इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। आए दिन इसकी वजह से इंसानों से लेकर पशु पक्षियों की जान जा रही है। चाइनीज मांझे के शिकार ज्यादातर दोपहिया वाहन सवार होते हैं।

यात्री बढ़ने पर ट्रेनों में लगाए गए अतिरिक्त कोच

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। ट्रेनों में लगातार यात्रियों की संख्या बढ़ने पर रेल प्रशासन ने हरदोई से होकर जाने वाली तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त कोच लग जाने से यात्रियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

बीते कुछ दिनों से रेल प्रशासन को लगातार यात्रियों की शिकायत मिल रही है कि ट्रेनों में उनकी सीट पर अन्य रिजर्व और वेटिंग टिकट लेकर यात्री बैठे हुए हैं। लगातार ट्रेनों में यात्रियों को भी लंबी-लंबी वेटिंग टिकट का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेन में लगने वाले स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की शिकायत रेल प्रशासन को मिल रही है। ऐसे में यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने हरदोई से दिल्ली और बनारस जाने वाली ट्रेन में एक-एक अतिरिक्त कोच लगाने के निर्देश दे दिए हैं। हालांकि रेल प्रशासन के इस निर्देश के बाद यात्रियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी लेकिन जब तक ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या नहीं बढ़ती तब तक ट्रेनों की हालत सुधरने वाली नहीं है। हरदोई से होकर जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग मिल रही है जबकि कुछ ट्रेनों में यात्रियों को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। हालत यह है कि अनारक्षित टिकट लेकर यात्री स्लीपर कोच में यात्रा को मजबूर हैं।

दो स्लीपर व एक एसी कोच लगाया गया

हरदोई। रेल प्रशासन द्वारा जिले से होकर जाने वाली 14207 मां बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़ दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच लगाने के निर्देश दिए हैं। रेल प्रशासन द्वारा पद्मावत एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच को 22 जून से 30 जून 2024 तक लगाने के निर्देश जारी किए हैं वही डाउन में दिल्ली से चलकर मां बेला देवी धाम प्रतापगढ़ जाने वाली पद्मावत एक्सप्रेस 14208 में भी एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने के निर्देश जारी किए हैं यह स्लीपर कोच 25 जून से 3 जुलाई 2024 तक लगाया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा 14235 वाराणसी से चलकर बरेली जाने वाली वाराणसी बरेली एक्सप्रेस में 20 जून से लेकर 30 जून 2024 तक एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगाने के निर्देश दिए हैं। रेल अधिकारियों ने बताया कि हरदोई से होकर जाने वाली तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लग जाने से यात्रियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

व्यापारी के गले से चेन लूट कर भाग निकले बाइक सवार

हरदोई, अमृत विचार। बाइक सवार लुटेरों ने ला एंड आर्डर को आईना दिखाते हुए शनिवार की सुबह पौ फटने से पहले ही खाद व्यापारी के गले में पड़ी सोने की चेन झपट्टा मार कर लूट ली और भाग निकले। दरअसल व्यापारी पिता के घर से अपने घर जा रहा था, उसी बीच उसके साथ ऐसी वारदात हो गई।

बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के कोथावां निवासी सुरेश कुमार अवस्थी पुत्र बाबूराम अवस्थी खाद का व्यापार करते हैं। सुरेश कुमार अवस्थी शनिवार की सुबह तकरीबन 5 बजे अपने पिता के घर गए और गैरेज से हो कर वापस अपने घर लौट रहे थे। खाद व्यापारी जैसे ही अपने घर के पास पहुंचते, उसी बीच पीछे से आ रही बाइक उनके पास आ कर रुकी, जिस पर दो युवक सवार थे, एक युवक उतरा और झपट्टा मार कर सुरेश के गले में पड़ी सोने की चेन लूट ली और भाग निकले। हालांकि खाद व्यापारी के शोर मचाने पर तमाम लोग दौड़ पड़े, लेकिन उसी बीच बाइक सवार लुटेरे वहां से सण्डीला की तरफ भाग निकले। सूचना पर कोथावां चौकी इंचार्ज विजय कुमार वहां पहुंचे और इस बाबत खाद व्यापारी से पूछताछ की। पुलिस आस-पड़ोस में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

तीन पेड़ काटे, मुकदमा दर्ज

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। थानाक्षेत्र अतरौली के ग्राम कटका खुर्द निवासी खेत के दो साझेदारों ने बिना तीसरे साझेदार को बिना जानकारी दिए तीन पेड़ काट लिए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हुई है। कटका खुर्द निवासी रामलखन पुत्र महेश ने अतरौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हुए थे, जिनमें से बिना जानकारी दिए 3 पेड़ों को पदुम व रूद्रपाल सिंह ने कटवा लिए। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया दोनो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

घरों में भर रहा गंदा पानी

नहीं हो रही नालियों की सफाई, नगर पालिका की निष्क्रियता उजागर

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। सरकार ने बरसात से पहले नगर के समस्त नालों की सफाई को लेकर आदेश पारित किया गया है। नगर पालिका ने नालों की सफाई का टेंडर भी निकलवा दिया है, परंतु अभी तक नालों की सफाई का शुरू नही किया गया है। अतरौली रोड पर भाजपा मंडल महामंत्री अनिल गुप्ता का आवास है। आवास के सामने नाली का बनी हुई है, परंतु नाली की सफाई न होने से नगर पालिका की निष्क्रियता दर्शाती है और घरों में गंदा पानी भर रहा है।

भाजपा नेता अनिल गुप्ता ने बताया कि कई बार नाली सफाई के लिए नगर पालिका को प्रार्थना पत्र दिए गए, परंतु नाली के पानी का निकास न होने से पानी भरा रहता है। लोग नाली में गंदगी भी डाल देते है नाले में पानी का निकास न होने के कारण नाली में पानी जमा रहता है, जिससे मच्छर आदि होते रहते है एवं नाली के गंदे पानी से दुर्गंध आती रहती है और किसी भी समय बीमारी फैल सकती है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी भी सफाई करने नहीं आते है।

नाले में जमा कचरा। अमृत विचार

बोलीं ईओ...

नगर पालिका परिषद संडीला की अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने बताया की नाली के पानी का निकास न होने से पानी जमा रहता है समय-समय पर सफाई भी कराई जाती है एवं जल्द ही पानी निकास की व्यवस्था की जाएगी।

रेलवे ट्रैक पर मिला कारीगर का शव

हरदोई, अमृत विचार। बाहर रह कर हास्पिटल की ओटी तैयार करने वाले कारीगर का शव पिहानी रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा गया था। शनिवार की सुबह वह घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसके घर वाले हादसा या आत्महत्या से इंकार कर रहे है, उन्हे हत्या की आशंका सकता रही है।

बताया गया है कि हरपालपुर थाने के बम्टापुर निवासी 40 वर्षीय शिवदीप पुत्र हरिहर प्रसाद बाहर रह कर हास्पिटल में ओटी (आपरेशन थियेटर) तैयार करता था। शिवदीप अपनी पत्नी संगीता, दो बेटों और एक बेटी के साथ शहर के बावन चुंगी भट्टा पुरवा में रहता था।

युवक का पड़ा मिला शव आत्महत्या की आशंका

संवाददाता, हरदोई

▸▸ पत्नी झगड़ कर चली गई थी मायके, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार। फूफा के घर पले-बढ़े युवक का शव वहीं बरामद में ज़मीन पर पड़ा हुआ देखा गया। बताते है कि करीब पांच महीनें पहले उसकी पत्नी झगड़ा अपने मायके चली गई थी, अभी भी वहीं है। उसके जाने के बाद से टेंशन में रह रहे युवक ने सुसाइड किया, ऐसी अटकलें लगाई जा रहीं हैं। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि शाहाबाद कोतवाली के नरहाई निवासी 27 वर्षीय विमलेश पुत्र ब्रजपाल को उसके फूफा खेमकरन ने गोद लिया था, उन्ही ने उसकी परवरिश की। उन्होनें खेती-बाड़ी संभालने वाले विमलेश की शादी हरपालपुर थाने के बांसी की अर्चना के साथ की थी। उसके दो बेटियां है, बताते है कि करीब पांच महीनें पहले अर्चना झगड़ा कर मायके चली गई थी। तभी से विमलेश टेंशन में रह रहा था। शुक्रवार की शाम को घर के बरामद मे उसका शव ज़मीन पर पड़ा देखा गया, इसका पता होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई।

योग आत्मबोध का दर्शन

हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

विज्ञान और दार्शनिक पक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी

पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटेशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

प्रो. महेश चंद गुप्ता

दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा

संजीव मेहरोत्रा

बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

सनातन सहिष्णुता

डॉ. अरविंद मिश्र

वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिग्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

उत्तराखंड में हादसों की सड़कें

दीपक नौगाईं

शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

सलिल पांडेय

मिर्जापुर

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

एक नजर

शाहनवाज आलम नगर अध्यक्ष नियुक्त

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। मोमिन अंसार सभा उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने संडीला नगर के नगर पालिका के पूर्व सभासद शाहनवाज आलम को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। नगर अध्यक्ष बनने पर लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पारस्परिक स्थानांतरण में आए 25 शिक्षक

हरदोई, अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में एक जिले से दूसरे जिलों में शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को गैर जनपद से आए 25 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने प्रपत्र बीएसए कार्यालय में जमा किए। बताते चलें कि गैर जनपद में तैनात शिक्षकों का आपस में पारस्परिक स्थानांतरण उनकी इच्छानुसार किया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक जिले में तैनात 36 शिक्षक-शिक्षिकाओं को यहां से दूसरे जिलों में जाना है और इतने ही शिक्षक-शिक्षिकाओं को दूसरे जिलों से आना है। दूसरे जिलों से आए 25 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शनिवार को नगर शिक्षा अधिकारी आरके द्विवेदी के समक्ष अपने प्रपत्र प्रस्तुत किए। हालांकि प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून थी, लेकिन जो लोग शनिवार को किसी कारणवश प्रपत्र जमा नहीं कर पाए, उनके प्रपत्र सोमवार को भी कार्यालय में ले लिए जाएंगे।

दो स्वास्थ्य कर्मचारियों ने नोडल अधिकारी बन लैब पर की छापेमारी

अपनी ही बातों में फंस गए सीएचसी शाहाबाद के अधीक्षक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग में किस तरह से अंधेर नगरी चौपट राज की कहावत को चरितार्थ किया जा रहा है, इसका जीता जागता प्रमाण है। टड़ियावां में एक लैब पर की गई छापेमारी से पता चलता है। नोडल अधिकारी बताकर शाहाबाद सीएचसी के दो कर्मचारियों ने छापेमारी की। लैब संचालक द्वारा दबाव बनाने के बाद दोनों गाड़ी से फरार हो गए। फिलहाल लैब संचालक ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

टड़ियावां निवासी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हरिहरपुर रोड पर एसबी पैथ लैब का वह संचालक है। शनिवार की दोपहर तकरीबन दो बजे नीली हुंडई वेन्यू कार नंबर यूपी 32 के यू 8860 से उतरकर दो लोग लैब पर आए। वह लोग बिना कुछ बताए मनमाने तरीके से लैब का

डाक्टर की निजी कार लेकर भागे छापामार।

सामान और उपकरण अपनी गाड़ी में भरने लगे। संचालक द्वारा विरोध किए जाने पर मौके पर भीड़ जुटने लगी। जब उपरोक्त दोनों व्यक्तियों से पूछा गया तो उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का नोडल अधिकारी अपने को बताया। इस बीच काफी लोग वहां पर आ गए, भीड़ का फायदा उठाकर दोनों मौके से फरार हो गए। भीड़ ने दोनों व्यक्तियों के फोटो और गाड़ी का फोटो ले लिया। शिवाकांत त्रिपाठी के अनुसार बाद में पता चला कि शाहाबाद सीएचसी में तैनात बेसिक हेल्थ वर्कर शाश्वत त्रिवेदी और लैब टेक्नीशियन कुलदीप कुमार द्वारा उसकी लैब पर यह हरकत की गई। पीड़ित शिवाकांत ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की है। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त नीले रंग की गाड़ी सीएचसी शाहाबाद के अधीक्षक डॉ. प्रवीण दीक्षित की है।

अपने ही बुने जाल में फंसते नजर आ रहे हैं अधीक्षक

इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक प्रवीण दीक्षित से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वह गाड़ी में बैठकर स्वयं लैब के रजिस्ट्रेशन आवेदन के बाद जांच करने के लिए गए थे। रिपोर्टर द्वारा जब यह पूछा गया कि आप टड़ियावां के नोडल अधिकारी हैं तो उन्होंने बताया कि वह नोडल अधिकारी नहीं है रिपोर्टर द्वारा यह पूछे जाने पर कि फिर आपने वहां जांच क्यों की। इस पर उन्होंने बताया कि उन्हें आज ही पता चला है कि टड़ियावां के नोडल अधिकारी नहीं रहे। सीएचसी अधीक्षक की इस बातचीत से स्थिति हास्यास्पद बनती हुई दिख रही है।

शाहाबाद से टड़ियावां तक की जा रही वसूली

शाहाबाद सीएचसी के उपरोक्त कर्मचारियों द्वारा टड़ियावां में लैब पर छापेमारी करके की गई हरकत के बाद से यह स्पष्ट हो गया है कि स्वास्थ्य विभाग में किस तरह से भ्रष्टाचार अपनी सीमा पर है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर किस तरह से डॉक्टरों के साथ वसूली का खेल खेला जा रहा है। इसी तरह से आए दिन रजिस्ट्रेशन के नाम पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी औचक छापेमारी करते हैं और झोलाछाप डॉक्टरों को डरा धमकाकर उनसे वसूली करते हैं।

बूंदाबांदी से कुछ राहत, गर्मी से परेशान रहे लोग

सड़क पर धूप से बचाव करते लोग। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। जिले में शनिवार को बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट भी आई। पुरवा हवा ने लोगों को राहत दी, लेकिन यह राहत भयंकर गर्मी में पर्याप्त न थी। शनिवार को मौसम में कुछ बदलाव आया। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। बादल छाए रहने से जिले का तापमान कुछ कम हुआ। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्शियस तथा न्यूनतम 31.5 रहा। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पुरवा हवाओं से कुछ राहत तो थी, लेकिन गर्मी के कारण लोग परेशान दिखे। बादलों के चले जाते ही तेज धूप लोगों को परेशान करती रहीं।

सेवानिवृत्त कर्मी ने गोली मार कर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। नलकूप विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी ने शनिवार की सुबह अपने घर में कमरें के अंदर खुद की पिस्टल से गोली मार कर सुसाइड कर लिया। गोली की आवाज़ से वहां हड़कंप मच गया। वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस इस तरह सुसाइड करने की वजह तलाश कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के मोहल्ला अशराफ टोला निवासी 71 वर्षीय अवधेश प्रसाद मिश्रा नलकूप विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके थे। शनिवार की सुबह तकरीबन 8 बजे उनके कमरे के अंदर से गोली चलने की आवाज़ से हड़कंप मच गया। घर वालों के अलावा आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने कमरा का दरवाज़ा खोला, अंदर देखा तो खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था।

पीड़ितों को न्याय दिलाएं : जिलाधिकारी

अवैध कब्जों को हटवाएं, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें : एसपी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगी होने के कारण थाना दिवस, समाधान दिवस जैसे आयोजन नहीं हो पाए, जिससे जनता की तमाम शिकायतें अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। चुनाव समाप्त होने के बाद लगे समाधान दिवस में भारी संख्या में फरियादियों ने पहुंच कर उच्चाधिकारियों से अपनी फरियाद लगाई। कोतवाली देहात व थाना टड़ियावां में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों की शिकायतें सुनीं।

देहात कोतवाली में एवं थाना टड़ियावां में आयोजित थाना समाधान दिवस में सबसे अधिक सरकारी एवं गरीबों के पट्टों की भूमि अवैध कब्जों की शिकायत पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी एमपी सिंह ने कानूनगो तथा लेखपालों को निर्देश रोस्टर बनाकर प्रत्येक गांव का भ्रमण करें और सभी सरकारी एवं गैर सरकारी भूमि की पैमाइश करें

लोगों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

और पुलिस बल के साथ सभी भूमि कब्जा मुक्त कराये और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के विरूद्ध एंटी भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भेजें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर पीड़ित को न्याय और गरीबों को हक दिलाने के लिए किसी भी दबंग, अपराधी एवं भूमाफिया आदि से डरे नहीं और ऐसे लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करायें।

देहात कोतवाली एवं थाना टड़ियावां में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने उपस्थित सीओ एवं थानाध्यक्ष कहा कि बीट सिपाहियों को निर्देशित करें कि वह राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से गांवों का भ्रमण करें और गांव की भूमि पर अवैध कब्जों को हटवायें ऐसे लोगो के विरूद्ध खिलाफ कठोर कार्यवाही करें। थाना देहात कोतवाली में थाना समाधान दिवस के समय अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सीओ सिटी एवं थाना टड़ियावां में सीओ, थानाध्यक्ष, कानूनगो, लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

मल्लावां संवाददाता के अनुसार कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस उपजिलाधिकारी बिलग्राम राकेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें पुलिस और राजस्व संबधी आठ मामले आए जिसमें से एक मामले का निस्तारण भी किया गया। अन्य मामले जिम्मेदारों को देकर निस्तारित करने को कहा गया।

बयान दर्ज कर जांच को दी गई रफ्तार

पोस्टमार्टम हाउस में शव से लूट का मामला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। डेड बाडी से लूट किए जाने का खुलासा होते ही ज़िम्मेदारों ने अपना बचाव करते हुए आरोपियों के बयान दर्ज करते हुए जांच की रफ्तार तेज़ कर दी है। पोस्टमार्टम हाउस पर तैनात कर्मियों से पूछा गया कि जो आरोप लगे है, उसमें कितनी सच्चाई है? जैसा कि बताया गया है कि उस दौरान हर कोई अपने को बेकसूर बताते हुए वहां तैनात स्वीपर के सिर सारा ठीकरा फोड़ दिया।

बताते चलें कि माधौगंज पुलिस ने 9 अप्रैल को वहां तैनात कांस्टेबिल की बहन की डेड बाडी का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम के बाद बड़ा चौंकाने वाला खुलासा हुआ, डेड बाडी के नाक और कानों की बाली गायब होने से उसकी कांस्टेबिल बहन ने पहले तो पोस्टमार्टम हाउस में जानकारी ली, उस वक्त ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट से भी अपनी बात कही, लेकिन किसी ने उसके सवाल

खबर का असर

▸▸ स्वीपर की तरफ उठी उंगली गाज गिरना लगभग तय

का जवाब नहीं दिया। उसके बाद उस कांस्टेबिल ने सीएमओ को सारा कुछ बता दिया। 'अमृत विचार' ने पोस्टमार्टम में डेड बाडी से लूट का खुलासा क्या किया, मानों स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। गुस्साए सीएमओ ने पहले तो खूब फटकार लगाई, उसके बाद जांच के लिए टीम गठित की। उसी टीम ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कर्मियों के बयान दर्ज किए, साथ ही पूछा गया कि जो आरोप लगाए गए है, उसमें कितनी सच्चाई है, सूत्र बताते है कि पहले तो हर कोई अपने को बेकसूर साबित करना चाह रहा था, फिर बाद में सारा ठीकरा वहां तैनात स्वीपर के सिर फोड़ दिया। हालांकि कहा जा रहा है कि जो खेल हो रहा है उसमें कैटेगरी के हिसाब सबके सब हिस्सेदार होते हैं।

पानी से भरे तालाब की कागज पर कर दी खोदाई

भरे तालाब के किनारे बनाई गई पटरी। अमृत विचार

सुरसा, हरदोई

▸▸ फर्जी कार्य दिखाकर कराया लाखों का भुगतान

अमृत विचार। सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए तमाम उपाय कर रही है, लेकिन सरकार की मंशा जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया, जिसमें तालाब में पानी भरा होने के बावजूद कागजों पर उसकी खोदाई हुई। यही नहीं काम करने वालों को विधिवत भुगतान भी कर दिया गया।

विकास खण्ड की ग्राम पंचायत खजुरहरा के मजरा जानकी नगर मढिया में एक तालाब की खोदाई की गई। खोदाई के बावजूद कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी भी निकाल ली गई, लेकिन जिस तालाब पर खोदाई का काम दिखाया गया है। जिसमें पानी भरा ही रहा। मनरेगा के तहत कराए गए इस तालाब के काम में मजदूरों की विधिवत हाजिरी भी लगाई गई और लगभग 70 हजार रुपये का भुगतान भी निकाल लिया गया, जबकि गांव वालों का कहना है कि जिस तालाब में पानी वर्षों से भरा है सिर्फ तालाब के किनारों को साफ सफाई कराकर मिट्टी डाली गई है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि इस विषय की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

फुंका ट्रांसफार्मर न बदलने से लोग परेशान

पावर हाउस घेराव की दी चेतावनी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भीषण गर्मी में भी कई दिनों से फुंका ट्रांसफार्मर न बदलने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा। शनिवार को अवर अभियंता को ज्ञापन देकर तत्काल ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की गई। जल्द आपूर्ति चालू न होने पर ग्रामीणों ने पावर हाउस के घेराव की चेतावनी भी दी है।

विकास खंड टड़ियावां के ग्राम बरगदिया लिलवल के तमाम ग्रामीण शनिवार को पावर हाउस पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला पड़ा है। इस भीषण गर्मी में गांव वाले बिजली न आने से काफी दिक्कतें उठा रहे हैं। फिर भी विभाग

अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

के आंख-कान बंद हैं। ग्रामीणों ने अवर अभियंता को एक ज्ञापन सौंप कर तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने मांग की। आपूर्ति बहाल होने में विलंब होने पर पावर हाउस के घेराव की चेतावनी भी दी।

मेडिकल कॉलेज में कैसे हो इलाज, जब लटक रहा ताला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए तमाम प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना की गई, ताकि लोगों को राजधानी तक दौड़ना पड़े, लेकिन सरकार की मंशा यहां साकार होती नहीं नजर आ रही है।

शनिवार को चर्म रोग की दवा लेने गए आदित्य कुमार पुत्र चेतई निवासी ओदरा ने बताया कि वह चर्मरोग से पीड़ित हैं। शनिवार को पर्चा बनवाने के बाद जब वह चर्म रोग विभाग में पहुंचे तब वहां ताला

चर्म रोग विभाग में लगा ताला।

लगा हुआ था। उनके अलावा आधा दर्जन से अधिक अन्य मरीज भी चर्म रोग की दवा लेने आए थे। काफी देर तक वह सभी कक्ष खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन फिर भी कक्ष नहीं खुला, लेकिन इस लोगों ने जानकारी का प्रयास किया। कई नहीं पता चल सका आखिर कक्ष क्यों बंद है। इसके बाद सभी दूरदराज से आए मरीज भरी दोपहर में बिना चिकित्सक को दिखाए ही वापस लौट गए। खास बात यह है कि शनिवार को मेडिकल कालेज में जिलाधिकारी व अन्य आलाधिकारी भी एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मौजूद थे। जब अधिकारियों की मौजूदगी में यह चिकित्सकों का यह हाल है कि तब अन्य दिनों में स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

सार-संक्षेप

चौकी का उद्घाटन करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी।

नव निर्मित पुलिस चौकी का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी के साथ टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत हरिहरपुर में नव निर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण मंत्रोउच्चारण के साथ संयुक्त रूप से फीताकाट कर किया तथा चौकी पुलिस परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा टड़ियावां ब्लाक के हरिहरपुर में पुलिस चौकी स्थापित हो जाने से आस-पास के ग्रामीणों को छोटी-मोटी शिकायतों के निस्तारण के लिए थाना टड़ियावां या मुख्यालय पर नहीं आना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का समाधान पुलिस चौकी के माध्यम से हो जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस चौकी की स्थापना हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में आसानी होगी और अपराधियों पर लगाम भी लगेगी। उन्होने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारित करने का प्रयास करें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख, अपर पुलिस अधीक्षक, ग्राम प्रधान, बीडीओ टड़ियावां, सीओ सिटी व हरियावां सहित भारी संख्या में ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

बीएसए के लिए सिरदर्द बनी अनचाही कॉल

हरदोई, अमृत विचार। हैलो...बीएसए हरदोई बोल रहे है...जी आप कौन, कुशीनगर से बोल रहीं हूं, श्यामू नाम के टीचर ने बैंक से लोनिंग कराई थी और अदायगी नहीं हुई, उसी टीचर का ट्रांसफर हरदोई हुआ है...उसकी डिटेल चाहिए। बीएसए के फोन पर कुछ इस तरह से आई कॉल अब उनके लिए सिरदर्द बन चुकी है। उधर से मिनट-मिनट पर कॉल की जा रही है। शनिवार को हद ही हो गई, कॉल करने वाली मैडम कुछ ज्यादा ही बोल गई और कहा कि लोन की अदायगी होने तक इसी तरह कॉल आती रहेगी। बीएसए वीपी सिंह शुक्रवार को अपने ऑफिस में सरकारी कामकाज निपटा रहे थे, उसी बीच उनके सीयूजी नंबर पर कॉल आई, जिसे बीएसए ने रिसीव किया। उधर से बोल रहीं मैडम ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए कहा कि श्यामू नाम के टीचर ने उसकी बैंक से लोनिंग कराई थी, जिसकी अदायगी होने से पहले ही उसका ट्रांसफर हो गया। बीएसए ने इधर से पूछा कि इसमें वे क्या करें, मैडम बोली श्यामू को हरदोई ट्रांसफर हुआ है, उसका डाटा चाहिए। बीएसए बोले..ज़िले में 19 ब्लाक हैं, किस ब्लाक में पोस्टिंग हुई है, उसका नाम पता चलेतो बताया जा सकता है। लेकिन मैडम ने एक नहीं सुनी, शुक्रवार को देर रात तक कॉल करती रही, फिर शनिवार की सुबह से वही सिलसिला शुरु हो गया। बीएसए ने कहा कि कुछ क्लू दें तो पता कराया जाए, लेकिन मैडम वही रवैया अख्तियार करते हुए हद से कुछ ज्यादा ही बोल गईं। बीएसए ने भी उन्हे उन्ही के अंदाज में जवाब दिया। बताया जा रहा है कि बीएसए साइबर सेल से इसकी शिकायत करने की बात कह रहे है।

सभी पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

ग्राम पंचायत रामपुर गिरंट में आयोजित चौपाल में मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, खंड विकास अधिकारी भीटी, अन्य अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड भीटी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर गिरंट में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में मौजूद मंत्री गिरीश चंद्र यादव व सीडीओ अनुराज जैन।

प्रभारी मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागों के आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, सामुदायिक शौचालय आदि योजना के बारे में जानकारी लिया गया। साथ ही साथ पंचायत भवन में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिलता है। इस दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए। अन्यथा की दशा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय के बाउंड्रीवाल और सरकारी राशन की दुकान का पीडीएस शाप का शिलान्यास किया गया। इसके बाद मंत्री ने अनुसूचित जाति बस्ती रामपुर गिरंट का भ्रमण किया और उपस्थित लोगों के साथ चाय पिया।

नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत

आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते सह संगठन मंत्री यतींद्र कुमार शर्मा।

हरदोई, अमृत विचार। अल्लीपुर में आयोजित विद्याभारती द्वारा आयोजित नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हुई। जिसमें शनिवार को अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र कुमार शर्मा एवं सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। प्रातःकालीन उदघाटन सत्र में आये हुए अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र कुमार शर्मा, सवायजपुर विधानसभा से विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, जन शिक्षा परिषद के जिलामंत्री व विद्याभारती उच्च शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी (विपिन), सह मंत्री जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश कौशल किशोर वर्मा, जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश कुमार अवस्थी को आचार्य बहनों ने तिलक वंदना व बैज लगाकर स्वागत किया।

एक नजर

आम तोड़ रहे साथियों ने युवक को पीटा

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के अंतर्गत मजदूरी पर आम तोड़ रहे साथियों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है। थानाक्षेत्र के दधनामऊ निवासी मनोहर पुत्र आशाराम ने थाने पर तहरीर देते हुये बताया कि वह शुक्रवार को अर्थापुर निवासी रिजवान की बाग में मजदूरी पर आम तोड़ने गया था। उसी दौरान आम तोड़ रहे गांव के ही गनिपत व अनिल अनायास गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। परिजनों ने घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया मामले की जांच कर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

भूमि विवाद में मारपीट एक पक्ष से कई घायल

रामपुर मथुरा, अमृत विचार। रामपुर मथुरा के बासुरा में दो रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष से किस्मत अली, रहमत अली, मो कैफ,उस्मान व रमजान घायल हो गये। घायल किस्मत अली ने बताया कि थाने के दीवान ने बुलाकर मुझे ही धमका कर सुलह समझौता करवा दिया और आज विपक्षी वारिश अली8, रहमान, सलीम,छोटू, हाफिज हम लोगों से लड़ाई करने लगे। आरोप है कि तभी फैसला कराने पहुंचे दीवान अनूप सिंह ने रौब दिखाते हुए किस्मत अली से कहा तुम कुछ नहीं कर पाओगे। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला है। पूर्व में समझौता कर दिया गया था। शनिवार को अचानक फिर से विवाद हुआ प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षण कार्यों और मिड-डे-मील की अवश्य परखें गुणवत्ता: सीडीओ

बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा व जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिया निर्देश

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों में छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति में सुधार किया जाये। उन्होंने ब्लॉक टास्क फोर्स एवं डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करें एवं शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता तथा मिड-डे-मील की गुणवत्ता अवश्य देखें। निपुण लक्ष्य में सुधार के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। मुख्य विकास अधिकारी निर्देश दिये कि विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। नामांकन मे सुधार किये जाने के निर्देश देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नियमानुसार सर्वे कराते हुए शत-प्रतिशत नामांकन कराया जाये एवं सर्वे की जांच भी करायी जाये। डीबीटी के अन्तर्गत डाटा अद्यतन करते हुए समय से डीबीटी की राशि प्रेषित कराये जाने के निर्देश भी दिये। विद्यालयों में शिक्षण कार्यों को अधिक रोचक बनाये जाने के निर्देश देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रातःकाल प्रार्थना सभा का रोचक तरीके से आयोजन कराया जाये तथा बच्चों के लिये ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी संचालित की जायें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम आसरे सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक अनल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, सहित संबंधित खण्ड विकास अधिकारी संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पेड़ों की अवैध कटान पर मुकदमा दर्ज

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। नवीन परती जमीन पर स्थित पेड़ों की अवैध कटान मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुइयांखेड़ा के मजरा प्रेमपुर गांव से जुड़ा हुआ है। बीते कुछ दिनों पहले ग्राम प्रधान नीतू देवी ने आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि ग्राम प्रेमपुर में स्थित गाटा संख्या 336/0 .125 व 363ध्0 .514 सरकारी अभिलेखों में नवीन परती और तालाब के रूप में दर्ज है। आरोप था कि गांव के निवासी अवधेश, सतेंद्र और अरविंद ने अनधिकृत रूप से कब्जा किए तालाब पर स्थित नीम के चार पेड़, एक गूलर का पेड़, एक अर्जुन पेड़ और एक शहतूत के पेड़ बिना अनुमति कथित ठेकेदार फिरोज के हाथ बेचकर कटवा दिया। ग्राम प्रधान ने मामले की जानकारी संबंधित लेखपाल और वन विभाग के जिम्मेदारों को दी गई। जब वन विभाग और राजस्व टीम ने जांच पड़ताल की तो समस्त पेड़ नवीन परती और तालाब में पाए गए। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने अवधेश, सतेंद्र व अरविंद सहित कथित ठेकेदार फिरोज के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि प्रभावी कार्रवाई की गई है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में न हो लापरवाही

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

अमृत विचार। स्थानीय तहसील सभागार में उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक हुई। उप जिला अधिकारी ने 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को अपने-अपने कार्यों व कार्य के माइक्रो प्लान को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में निर्देश देतीं एसडीएम आकांक्षा गौतम। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अभियान में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा द्वारा डायरिया पर चर्चा की गई। अखिलेश पांडे बीएमसी, सुशांत बीएमसी बेहटा व बीएमसी यूनिसेफ संदीप ने छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण व अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधानों, शिक्षकों व सभासदों के प्रशिक्षण पर चर्चा की। बैठक में खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने ग्रामीण अंचलों में विशेष साफ सफाई अभियान व एंटी लार्वा छिड़काव पर चर्चा की। बैठक में अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, डॉक्टर भारतेंदु वर्मा पशुपालन, खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार सहित सभी संबंधित तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

व्यापारी नेता ने गल्ला मंडी में कराया भंडारा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। ज्येष्ठ (जेठ) की पूर्णिमा और माह के अंतिम शनिवार को व्यापारी नेता मुन्ना लाल गुप्ता द्वारा गल्ला मंडी परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कर्मियों, मंडी समिति के अधिकारियों, श्रमिकों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को पूड़ी-सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व पारंपरिक विधि-विधान से रामनाम संकीर्तन हुआ और संकटमोचन बजरंगबली की पूजा-अर्चना करके उन्हें भोग लगाया गया। इस मौके पर भंडारे के आयोजक एवं व्यापारी नेता मुन्ना लाल गुप्ता ने बताया कि बीते 13 वर्षों से इस भंडारे का आयोजन किया जाता है। हर वर्ष ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को एवं अंतिम शनिवार को भंडारे का आयोजन होता है। भंडारा अनवरत रूप से शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भक्तों को प्रसाद वितरित करते व्यापारी।

श्री राम मंदिर पर भंडारा आयोजित

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत ग्राम रूढ़ा, कैप्टन मनोज पांडेय की जन्मस्थली में उसरी, रूढ़ा चौराहे पर राम मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजेंद्र शुक्ला उर्फ रज्जू व उनकी पत्नी अंजू शुक्ला रहे। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत मय सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। इसके बाद कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन शुरू किया गया। इस अवसर पर श्रीकांत शुक्ला, लक्ष्मीकांत शुक्ला, कमलाकांत शुक्ला, रवि शुक्ला, शशि प्रकाश शुक्ला, निप्पू,ननकू, छोटू, अनिल शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, चंद्र मोहन पांडे आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं से एडीएम ने की वार्ता

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। वकीलों और एसडीएम में हुए विवाद के बाद डीएम के आदेश पर एडीएम जांच के लिए तहसील स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। करीब डेढ़ घंटे तक चली बैठक के बाद एडीएम नितीश कुमार सीओ दफ्तर से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की।

लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम नितीश कुमार।

एडीएम नितीश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर जांच के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि सार्थक वार्ता हुई है। साथ ही ये भी कहा कि सोमवार से हड़ताल खत्म होगी। ऐसी उम्मीद है कि पुनः न्यायालय सुचारु रूप से काम करेगा। वहीं महमूदाबाद बार अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन देने गए थे। डीएम ने एडीएम को जांच सौंपी थी। हम लोगों को जो प्रमुख मांगें थीं, अधिवक्ता साथी की 18 बीघा फसल काट ली गई थी, उसका मुआवजा दिया जाए। कानून की प्रक्रिया में रहकर निर्णय लिए जाएं। इन पर एडीएम ने हामी भरी। हालांकि बार अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शनिवार का दिन है और सभी अधिवक्ता यहां उपस्थित नहीं हैं, जिसके कारण अकेले निर्णय नहीं ले सकते। सोमवार को सभागार में साथी अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक करेंगे। इसमें सर्व सहमति से जो निर्णय सभी द्वारा लिया जाएगा, उसी पर वह अमल करेंगे।

अर्थिंग तार की चपेट में आने से बच्ची की मौत

रामपुर मथुरा सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के महिमापुर ग्राम पंचायत के बखारी खुर्दमें शनिवार सुबह एक बच्ची की करंट लगने से मौत हो गयी। पप्पू गौतम की पुत्री पायल (5) घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान घर के पास बिजली के पोल के अर्थिंग तार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विद्युत विभाग के जेई रंजीत सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है, उचित कार्यवाही की जाएगी। लड़की के पिता ने रामपुर मथुरा पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा कृष्णानंदन तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

जेठ में हनुमानजी के पूजन का होता है विशेष महत्व

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार। भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा जेठ माह के अंतिम शनिवार को आरएमपी इंटर कॉलेज स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति ने साप्ताहिक सुंदरकांड का पाठ किया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सपत्नीक कन्या भोज कराकर भंडारे की शुरुआत की। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जेठ माह में प्रभु हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व होता है इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री अवध नीरज वर्मा, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश गुरु, नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा नेता बबलू अवस्थी, विश्राम सागर राठौर, उदित वाजपेई सुधाकर शुक्ला,जया सिंह, अंकित दीक्षित, विष्णु मौर्य आदि थे।

प्रसाद ग्रहण करवाते भाजपा जिलाध्यक्ष।

सार-संक्षेप

मुख्यमंत्री से मिले पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डॉ. रिजवी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान अपने गृह जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य एवं महमूदाबाद के विकास के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए महमूदाबाद को लखनऊ से जोड़ने के बारे में भी पहल करने की गुजारिश की। डॉ. रिजवी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर जनपद के विकास के लिए की गई चर्चा को गंभीरता से सुना और विकास के लिए हर सम्भव कार्य करने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते डॉ. अम्मार रिजवी।

प्रोन्नत उपनिरीक्षकों के कंधों पर सीओ ने लगाए स्टार

एसडीएम व सीओ के साथ प्रोन्नत उपनिरीक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय कोतवाली में 1991 बैच के हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत राम केवल, मुरारी चौबे और राकेश तिवारी की उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नति हो गयी। सीओ दिनेश शुक्ल ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया। कोतवाली में मौजूद सभी पुलिस कर्मियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

फरियादी की समस्या सुनते डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र।

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र अचानक इमलिया सुल्तानपुर थाने पहुंचे। ऐसे में थाने में फरियादियों की कतार लग गयी। उसी दौरान काफी समय से थाना क्षेत्र के हाता गांव में पूजनीय कुएं का विवाद का मामला डीएम व एसपी के सामने आया। इसमें कई बार तहसीलदार, एसडीएम व स्थानीय पुलिस मौके पर जा चुकी है। एसपी ने प्रधान व पूर्व प्रधान को बुलाकर पूरे मामले की हकीकत जानी और तुरन्त थाने में ही दोनों पक्षों को बुलवाकर निस्तारण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिये। इसके अलावा कुल 16 फरियादी शिकायती पत्र लेकर जिले के आला अधिकारियों के सामने पेश हुए। जिसमें से 8 के लिए टीमें भेज दी गईं हैं। वहीं 1 का निस्तारण थाने पर हो रहा है। बचे अन्य मामलों के निस्तारण के लिए सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान सीओ महोली अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक इमलिया दयाशंकर सहित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के अंतर्गत पुट्टी का काम करने जा रहे बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।थानाक्षेत्र के सेरवाडीह निवासी जितेंद्र (25) पुत्र बैजनाथ व कैलाश पुत्र सुखलाल निवासी हसनापुर बाइक से हरदोई जिले के टड़ियावां में पुट्टी का कार्य करने के लिए जा रहे थे।उसी दौरान छोटे सहुवापुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे जितेन्द्र व साथी घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुचाया जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने दोनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया जागरूक

शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करती संस्था की सदस्य। अमृत विचार

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

अमृत विचार। बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को एजूकेट गर्ल्स संस्था के तत्वावधान में ग्राम शिक्षा सभा की एक बैठक का आयोजन ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अजमतुन ने की। फील्ड कोआर्डिनेटर रजनी मौर्या ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। बैठक में आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पंचायत सहायक शिक्षा मित्र सहित महिलाओं व ग्रामीणों ने भाग लिया।

पांच हजार महिलाएं करेंगी सुंदरकांड पाठ

नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार। नैमिष की पावन धरा पर सत्य सनातन नारी शक्ति लखनऊ के तत्वावधान में एक साथ पांच हजार मातृ शक्तियां सुंदरकांड का पाठ करेंगी। यह कार्यक्रम तीर्थ के प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी के खाटू श्याम कथा प्रांगण में आयोजित होगा।

कार्यक्रम हनुमानगढ़ी महंत बजरंगदास पवन दास के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। मुख्य आयोजिका सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने बताया कि 10 मार्च को झूलेलाल घाट पर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन संस्था के माध्यम से किया गया था। बीती 7 मई को उत्तराखंड के कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर में पाठ का आयोजन कराया गया था।

सूर्य घर बिजली योजना के स्टाल पर रही भीड़

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। शनिवार को यूनियन बैंक ने वृहद लोन मेले का आयोजन किया। इसका उद्घाटन ब्रजेश तिवारी, रीजनल हेड ने किया। इसमें ब्रांच हेड अमित गुप्ता व जनपद की यूनियन बैंक की अन्य शाखाओं के ब्रांच मैनेजर भी उपस्थित रहे।

सोलर पैनल के बारे में ग्राहक को समझाते बैंक अधिकारी। अमृत विचार

मेले में मुख्य आकर्षण का केन्द्र पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का स्टाल रहा, जिसमें लोगों की अत्यंत भीड़ उमड़ी। स्टाल यूपी नेडा विभाग द्वारा विभाग में पंजीकृत कम्पनी फिंटेक्स इण्डिया सर्विसेज प्रालि, सीतापुर ने लगवाया था। मेले में उपस्थित यूपी नेडा के अधिकारी कमलेश यादव, परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में सम्मिलित है। उक्त योजना के अन्तर्गत बिजली विभाग के घरेलू उपभोक्ता अपने घर पर अपना ग्रिड सोलर प्लांट लगाकर अधिकतम 108000 रुपये की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा 78000 एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार का अनुदान सम्मिलित है। मौके पर उपस्थित रेनू पटेल, डायरेक्टर, फिंटेक्स इण्डिया सर्विसेज प्रा.लि.ने अवगत कराया कि अल्प अवधि में ही उनकी कम्पनी ने जनपद के 200 से अधिक उपभोक्ताओं के यहां पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर प्लांट लगवाये हैं, जो जनपद में किसी भी कम्पनी द्वारा लगाये गये प्लान्ट में सर्वाधिक हैं।

बैठक बीडीसी के सुझावों पर कार्ययोजना बनाने की रूपरेखा तैयार

पांच करोड़ की धनराशि से होंगे विकास कार्य

संवाददाता, रामपुर मथुरा

सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड परिसर में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख तारा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विकास क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सुझाव आमंत्रित किए गए और वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के अनुसार पांच करोड़ रुपए की कार्ययोजना बनाने की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख तारा देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता।

इसमें शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी विभिन्न विभाग से आए हुए अधिकारियों ने देते हुए कहा कि आम जनता को किसी प्रकार का कोई समस्या न होने पाए, इसलिए शासन जनहित की योजनाओं को पुरी पारदर्शिता और प्राथमिकता से लागू किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता ने भी शासन की योजनाओं के बारे में बिंदुवार बीडीसी सदस्यों को जानकारी दी। वहीं दूसरी तरफ खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि अगर आपको किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है तो कार्यालय में आकर उसका समाधान करवा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जेई कमलेश मौर्य ने किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के सहायक विकास अधिकारी, विकास क्षेत्र के 82 बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधान व ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी मौजूद थे।

भक्तों ने हनुमान चालीसा सुंदरकांड का किया पाठ

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को क्षेत्र के ग्राम भदफर में एक विशाल भंडारे का आयोजन देवी माता के मंदिर के निकट विशाल मिश्रा ने किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे की शुरुआत हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना कर भोग लगाकर की गयी। इस मौके पर सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया। आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तत्पश्चात राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विशाल मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, रवि मिश्रा, सत्यम त्रिवेदी, अमन मिश्रा, अनुराग मिश्रा, हर्ष त्रिवेदी, आलोक त्रिवेदी सहित भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक।

एक नजर

अल्ट्रासाउंड कराने आए मरीज की बाइक चोरी

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : जनपद सीतापुर के थाना हरगांव के ग्राम कटेसर निवासी बलविंदर सिंह पुत्र तेजा सिंह अपने एक रिश्तेदार के साथ स्टेशन रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल पर अल्ट्रासाउंड कराने आए थे। उन्होंने अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी कर दी और अंदर चले गए। अल्ट्रासाउंड करा कर जब बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने पुलिस को तहरीर दे दी है। बाइक चोर की फुटेज पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

अनाज चुराते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

इटियाथोक, अमृत विचार : खाद्यान्न चोरी के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ग्राम बसंतपुर राजा के अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार की प्रात: वह गोंडा से गांव आये तो देखा कि कमरे का ताला तोड़कर भीतर रखा 36 किलो चावल व 36 किलो गेहूं एक युवक चोरी कर ले जा रहा था। जिसे देखकर ग्राम वासियों के सहयोग से युवक को पकड़ लिया गया। युवक ने अपना नाम रवि वर्मा ग्राम बसंतपुर राजा बताया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी युवक रवि वर्मा को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

डिवाइडर पर संकेतक लगवाने की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित माल गोदाम सुभागपुर क्रॉसिंग पर बनाया गया डिवाइडर में संकेतक नहीं लगा है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। रेलवे की लापरवाही का नतीजा है कि आए दिन लोग चोटिल होते रहते हैं। चंदन ,अनुराग, राजा, आदि ने डिवाइडर पर संकेतक लगवाने की मांग की है।

नगर विकास राज्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

आयोजन

- **राज्यमंत्री के आवास पर आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे 56 फरियादी**

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने शनिवार को अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दरबार में शिकायतें सुनीं। 56 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी समस्या राज्यमंत्री के समक्ष रखीं। इस दौरान कई समस्याओं का नगर विकास राज्यमंत्री ने निस्तारण मौके पर ही कराया। शेष शिकायतों को सम्बंधित को भेज कर निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया।

नगर विकास राज्यमंत्री प्रत्येक शनिवार को अपने आवास पर बने कैम्प कार्यालय में मौजूद रह कर जनता दर्शन में जनसुनवाई करते हैं। इसी क्रम में 22 जून को अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन के दौरान करीब 56 फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इन शिकायतों में सदर विधानसभा क्षेत्र समेत महोली क्षेत्र के भी मामले आये। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने रामकृष्ण पुरी से आये फरियादियों से बात कर रास्ते के विवाद को मौके पर सुलझा दिया। वही प्रधानमंत्री आवास, कांशीराम कालोनी में आवास पाने, वृद्धावस्था पेंशन संबंधी मामलों में सम्बंधित अधिकारियों को फ़ोन कर प्राथमिकता के आधार पर समस्या के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। वहीं राजस्व के मामलों में सदर तहसील से आई छह शिकायतों चिन्हित कर एसडीएम कार्यालय भेज कर कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं महोली तहसील, सीडीओ कार्यालय, कोतवाली नगर, एसपी ऑफिस, बीडीओ मिश्रिख को शिकायतें के निस्तारण के लिए कहा गया। नगर विकास राज्यमंत्री ने बताया कि कैम्प कार्यालय पर प्रत्येक शनिवार को वह स्वयं जनता दर्शन में मौजूद होकर जनसमस्याओं की सुनवाई करते हैं। वहीं अन्य दिनों में कैम्प कार्यालय पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया जाता है।

कैम्प कार्यालय पर लोगों की शिकायत सुनते नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू।

अंधेरे में किया जा रहा मिट्टी खनन

करनैलगंज अमृत विचार: सरयू के किनारे बसे ग्राम नरायनपुर माझा के मजरा चाइन पुरवा व सरयू के किनारे चल रहे खनन से करीब एक हजार की आबादी वाले गांव सीधे नदी के मुहाने पर आ गए हैं। खनन को लेकर ग्रामीण भी लामबंद हैं। ग्रामीणों ने डीएम से खनन को बंद कराए जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के चाइन पुरवा गांव निवासी रामू, राम जागे, सत्येंद्र, रामपाल, परशुराम, जगदीश, लल्ला, किशन, माधव, विद्याराम, रामचंद्र, लक्ष्मी नारायण, विजय भान आदि का कहना है कि सरयू नदी और उनके गांव के बीच दूरी बहुत कम है। जब भी सरयू नदी में पानी बढ़ता है तो गांव में बाढ़ आ जाती है। वहीं रातों-रात चोरी छुपे कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों द्वारा जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, डंपर के जरिए जबरदस्त तरीके से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। उधर उप जिलाधिकारी भारत भार्गव का कहना है कि खनन से संबंधित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मौके पर की टीम को भेज कर जांच कराई जा रही है और खनन करने व कराने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

सुन्दर कांड पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन

लोगों को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के शनिवार को आरजेजे एजूकेशन प्वाइंट स्कूल के प्रबंधक कुलदीप जायसवाल व विद्यालय परिवार की ओर से सुन्दर कांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्रों ने सुन्दरकांड पाठ किया। भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर फाउंडर जगदीश जयसवाल, मैनेजर कुलदीप जयसवाल, प्रिंसिपल पूनम जयसवाल, वाईस प्रिंसिपल अरुणीमा श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटर रुपेश प्रिन्स, समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

अखंड पाठ के बाद वितरित किया गया शर्बत

अखंड पाठ के बाद लोगों को शर्बत वितरित करते लोग।

पलिया कलां। भीरा क्षेत्र के गांव इमलिया फॉर्म में अखंड पाठ और गुरुवाणी के बाद शरबत वितरित किया गया। साथ ही लंगर छकाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा के बाबा सरबजीत सिंह ने पाठ कर ससंगीत कीर्तन किया। इस मौके पर सरदार गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, मनरूप सिंह, पप्पू सिंह, मंगेश सिंह, आज्ञा सिंह, बिंदर सिंह, जसकरण सिंह आदि मौजूद रहे।

गायत्री परिवार ने शुरू किया वृक्ष गंगा अभियान

गंगोत्री नगर मोहल्ले में गायत्री परिवार के तरु पूजन संस्कार में मौजूद पालिकाध्यक्ष।

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्धन के लिए गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने वृक्षगंगा अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए मोहल्ला गंगोत्री नगर में विधि विधान से तरु पूजन संस्कार कार्यक्रम हुआ। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने विधि विधान से पौधों का पूजन कर पर्यावरण के लिए इनकी उपयोगिता बताई। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्या ने बताया कि मानसून सत्र को लेकर माता भगवती देवी वृक्ष गंगा अभियान की शुरूआत की गई है। इस बार विश्व योग दिवस को प्रकृति संग योग थीम पर मनाया गया। पालिकाध्यक्ष ने तरु पूजन संस्कार कर कचनार का पौधा लगाकर अभियान का आगाज किया। अनुराग मौर्य ने बताया अभियान के तहत पौधे वहीं पर लगाए जा रहे हैं, जहां पर उनकी देखभाल और सिंचाई करने की कोई जिम्मेदारी ले रहा है। पौधे लगाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है देखरेख कर उनको बचाना। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, युवा प्रकोष्ठ के दीपक वर्मा, अजय वर्मा, निधि वर्मा, विनय मौर्य, अरुण कनौजिया, कुलदीप वर्मा, दीपा वर्मा, प्रेमकांत कटियार आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता शिवकुमार कौशल सम्मानित

मनकापुर, अमृत विचार : बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य का प्रतिनिधि नामित होने पर तहसील के अधिवक्ता शिव कुमार कौशल को बार संघ पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। तहसील परिसर में बार मनकापुर की ओर से शिव कुमार को बार के सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया है। संघ अध्यक्ष जगदीश तिवारी एवं महामंत्री अजय कुमार शुक्ल व एल्डर कमेटी के चेयरमैन सुरेश प्रताप सिंह व चन्द्र किशोर पाठक ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परमेश्वर शरन पाण्डेय, विजय कुमार मिश्र, लाल चन्द शुक्ला, भास्कर शुक्ला, आदर्श कुमार, अम्बुज तिवारी, प्रवीन तिवारी, अतुल शुक्ल, सुधीर कुमार, विनोद चौबे, शिवराज सिंह, सत्तार अली, संजय गुप्ता आदि रहे।

मंडी परिसर में अवैध पार्किंग से व्यापारियों में नाराजगी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : गल्ला मंडी परिसर में अनावश्यक रूप से गाड़ियों को पार्किंग किया जा रहा है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ ऐसे लोग अपनी गाड़ी मंडी में लाकर खड़ी कर दे रहे हैं, जो ना तो व्यापारी हैं ना ही किसान इन पर मंडी प्रशासन रोक नहीं लग रहा है। मंडी परिसर में कई वाहन कई कई दिन खड़े रहते हैं। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में कठिनाई हो रही है। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी प्रशासन इन पर जानबूझकर रोक नहीं लग रहा है। गेहूं का सीजन चल रहा है इन वाहनों से ट्रैकों के लोडिंग में समस्या आ रही है। व्यापारियों नहीं समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

शैक्षिक भ्रमण कर बाहर की दुनिया से रूबरू होंगे विद्यार्थी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : नई शिक्षा नीति के तहत राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा नौ से 12वीं के छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्र छात्राओं को विद्यालय परिसर के बाहर ले जाकर उनका सर्वांगीण विकास करना है। एक दिवसीय अध्ययन यात्रा में छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थान से लेकर प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया जाएगा।

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि छात्र छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर ले जाने के लिए शेड्यूल जारी हो गया है, जिससे एक जुलाई से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र में शिक्षकों को इसके लिए पर्याप्त समय मिल सके और वह इसकी तैयारी कर सकें। उन्होंने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षिक ज्ञान बढ़ाने के साथ साथ सूबे की विभिन्नताओं, विज्ञान एवं गणित उन्मुखी प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराकर विद्यार्थियों को समूह में रहने की प्रवृति विकसित कर उनमें नेतृत्व क्षमता के साथ आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना मजबूत करना है। इसके अलावा विद्यार्थियों में किताबी के अलावा अन्य ज्ञान बढ़ाना है।

प्रधानाचार्यों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक विद्यालय में शैक्षिक भ्रमण समिति गठित करना
2. प्रत्येक में दो शिक्षक एवं शिक्षिका नामित करना
3. शैक्षिक भ्रमण में छात्राएं रहने पर एक महिला शिक्षिका अनिवार्य रूप भेजना
4. किसी भी संस्थान या प्रयोगशाला का भ्रमण दुबारा न कराया जाए।

> विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। प्रधनाचार्यों को समिति गठित कर छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराकर डीआईओएस को इसकी रिपोर्ट देनी होगी। अध्ययन यात्राओं से विद्यार्थी आजीविका निर्धारण के लिए भी सक्षम होंगे।
>
> **–डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी**

पत्थर डाल सड़क बनाना भूला विभाग

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। विकास खण्ड हरगांव में लोक निर्माण विभाग पत्थर डालकर सड़क बनाना भूल गया है। सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों में विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रोष व्याप्त है।

क्षेत्र के सीतापुर-लखीमपुर मार्ग से मुमताजपुर गांव तक सड़क का चौड़ीकरण कार्य करीब डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू कराया गया था, लेकिन ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। क्षेत्र के सिकंदरपुर, अलावलपुर, हरिबसपुर, उमरी, सलेमपुर, कल्लापुर आदि गांवों का यह मुख्य मार्ग है जिस पर सैकडों ग्रामीणों को ब्लाक, थाना, बाजार या किसी अन्य कार्य से सड़क पर पड़े पत्थरों से गुजरकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल भी खुलने वाले हैं जिससे यह पथरीली सड़क बच्चों के लिये भी मुसीबत बन सकती है। ग्रामीण ब्रजेन्द्र सिंह, सलीम, राजकुमार व गुड्डू ने बताया कि सड़क बनाने के लिए अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिधि भी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। सोचा था कि अब अच्छी सड़क मिल जाएगी, लेकिन पुरानी सड़क भी गई। इससे अच्छा तो पहली सड़क ही ठीक थी।

मुमताजपुर गांव जाने वाले मार्ग पर पड़े पत्थर। अमृत विचार

अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सड़क पार कर रहा बुजुर्ग घायल

संवाददाता, केशवापुर

अमृत विचार: जिले में खनन की ट्रैक्टर ट्राली से शिक्षामित्र की मौत के बाद भी खनन विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हैं। शनिवार को खनन की ट्रैक्टर ट्राली ने सड़क पर जा रहे राहगीर को टक्कर मारकर घायल कर दिया है।

खनन विभाग की शह पर खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, जो बेधड़क रात दिन खनन करने में लगे हैं, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अवैध मिट्टी खनन की ओवरलोड ट्राली ने ग्राम कुनैठिया के वृद्ध राजाराम को टक्कर मारकर मौके से मय ट्रैक्टर ट्राली भाग निकला। राहगीरों, परिजनों की मदद से बुजुर्ग राजाराम को गोला के एक निजी हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया है, जहां गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्राली कुनौठिया स्थित ईंट भट्ठा की बताई जा रही है। लोग बताते हैं कि ट्रैक्टरों को चालक ज्यादा चक्कर लगाने की होड़ में तेज गति से चलातें हैं, जिससे काफी दुर्घटनाएं होती हैं। गोला और हैदराबाद थाना क्षेत्रो में धडल्ले से हो रहे अवैध मिट्टी खनन पर खनन विभाग वेपरवाह बना हुआ है।

थाना गोला के कुनैठिया, जलालपुर में खनन माफियाओ के चलते धडल्ले से अवैध मिट्टी खनन की ओवरलोड ट्रालियां खनन कर गोला सहित आसपास के गांवों मे बिना रॉयल्टी, मानको के चल रही हैं। ग्रामीण बताते हैं कि रात दिनं हैदराबाद थाना क्षेत्र के कोटवारा, कोटखेरबा, कन्धरापुर, सेमरई आदि में धडल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है।

> गोला और हैदराबाद थाना क्षेत्र में हो रहे खनन की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। शासन ने मीडिया को वर्जन देने से मना किया गया है।
>
> **–आशीष सिंह, खनन अधिकारी लखीमपुर।**

बच्चों को बनाएं कुपोषण मुक्त

बालपुर, अमृत विचार : ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं की सेहत चुस्त और तंदुरुस्त बनाने के लिए सरकार तरह तरह की योजनाएं और जन जागरूकता कार्यक्रम का संचालन करती है जिससे शून्य से लेकर छह साल तक के बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके। महिलाओं की शुरुआती गर्भावस्था से लेकर, टीकाकरण, जांच से प्रसव तक की देखभाल होती है। उसके बाद नवजात शिशु के सभी टीके लगाए जाते हैं।

सुबह बूंदाबांदी, दिन में छाए रहे बादल, रात का पारा चढ़ा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : गर्मी की मार से बेहाल शहरवासियों के लिए शनिवार की सुबह उम्मीद भरी रही। मामूली बूंदाबांदी से बारिश की आस बंधी, लेकिन दिन में छाए बादलों और धूप के कारण उमस ने बेहाल किया तो रात होते ही पारा चढ़ गया। दिन का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पिछले कई दिन से तेज तपिश और लू के प्रकोप से लोगों को फिलहाल निजात मिल गई है। शनिवार अल सुबह आसमान में घुमड़ रहे बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। हालांकि मामूली बूदाबांदी ही हुई, लेकिन हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। मगर, दोपहर में निकली धूप की वजह से उमस बढ़ गई, जिससे शहरवासी शाम तक परेशान होते रहे। वहीं धूप की वजह से जिले के अन्य हिस्सों में भी गर्मी लोगों को बेहाल करती रही। उधर, शनिवार शाम को भी मौसम में बदलाव होता नजर आया। ऐसे में लोग आंधी और बारिश होने की संभावना जताते रहे। राज्य कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार, प्री-मानसून तड़ित-झंझावात (थंडरस्टॉर्म) के कारण अधिकतम तापमान में आई गिरावट के कारण लू की स्थिति समाप्त हो गई है। आगामी 3-4 दिनों में मानसून के संभावित आगमन और 24 जून से बारिश की संभावना है।

शाकाहार अपनाने का दिलाया संकल्प

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार में शनिवार को बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों का एक सत्संग शाकाहार अपनाने, मांस मदिरा छोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलाने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। सत्संग ग्राम लालपुर में घनश्याम गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया था।

बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों को संबोधित करते हुए वक्ता रामजीवन यादव ने कहा कि सभी लोग शाकाहारी व सदाचारी बनें। मांस मदिरा का प्रयोग न करें जिसके लिए लगातार बाबाजी के अनुयाई शाकाहारी धर्म का प्रचार प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य शाकाहारी रहकर ही भगवान को पा सकता है, उन्होंने कहा कि मानव शरीर हमको बड़े भाग्य से मिला है इसलिए सदाचार शाकाहार अपनाकर अपने जीवन को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि मानव शरीर भगवान का बनाया हुआ एक मंदिर है इसलिए मांस मदिरा आदि का सेवन कर इस मानव मंदिर को गंदा ना करें। इस मौके पर भंडारे का आयोजन जय गुरुदेव मिष्ठान भंडार के मोती लाल गुप्ता द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से घनश्याम लाल गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, सरवन गुप्ता, जवाहरलाल, उमेश राही, प्रिंस अवस्थी, अंकित दीक्षित, सहित बड़ी संख्या में जय गुरुदेव के अनुयाई मौजूद थे।

सत्संग में मौजूद बाबा जयगुरुदेव के अनुयायी। अमृत विचार

कार्यक्रम गन्ने में लग रहे रोगों के उपचार की दी गयी जानकारी

गोष्ठी में किसानों को बताए अच्छी उपज लेने के तरीके

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि द्वारा हडेला में हुई वृहद कृषक गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नतिशील पैदावार लेने के तरीके और गन्ने में लग रहे रोगों के उपचार की जानकारी दी।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि चीनी मिल ने क्षेत्र के ग्राम हंडेला में प्रगतिशील कृषक तरूण शारदा के फार्म हाउस पर कृषक हरमीत सिंह बाजवा की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के उप निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके कपिल, जमुनाबाद फ़ार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने उन्नतिशील पैदावार लेने के लिए किसानों को बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग कराये एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें। डॉ पीके कपिल ने टॉप बोरर व पोक्का बोइंग की पहचान, बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यूरिया की अंतिम खुराक बरसात से पूर्व देकर मिट्टी अवश्य चढ़ा दें। तथा बरसात न होने के कारण फसल को नुकसान से बचाने हेतु समय से सिचाई करें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा। संचालन प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। गोष्ठी में जयप्रताप सिंह, पिंटू सिंह, राजबहादुर सिंह, अंग्रेज सिंह, रमनदीप सिंह, हरकिशन सिंह, राहुल सिंह, मुख्तयार सिंह, कृषक व सहायक महाप्रबंधक गन्ना डॉ ओडी शर्मा, प्रबंधक गन्ना संजीव सिरीही, ब्लॉक इंचार्ज राहुल यादव, दीपक सिंह, मोटिवेटर अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

हड़ेला फार्म की गोष्ठी में गंन्ना किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

कार्यालय जिलाधिकारी, सीतापुर

पत्रांक: 508/तेरह–सी.एफ–20/2024 – 25/दै.आ./क्रय/बर.रा.सा./रा.लि दिनांक – 22 जून 2024

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण की सूचना

अपर मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन, राजस्व अनुभाग–11, लखनऊ के पत्र संख्या– 610/एक–11–2024–06 (जी) / 2019 दिनांक 10.06.2024 एवं राहत आयुक्त महोदय द्वारा दिनाँक 18. 06.2024 को आहूत वी.सी. में दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में वर्ष 2024 की सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत प्रभावित परिवारों में जीवनोपयोगी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दिए जाने हेतु वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत फर्मो से सामग्रियों की आपूर्ति किए जाने के सम्बन्ध में ई–टेण्डर के माध्यम से दिनॉक 22.06.2024 से 01.07.2024 तक अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

	प्रथम पैकेट	द्वितीय पैकेट
1	लाई–05 किग्रा. (2.5 किग्रा. के 02 पैकेट)	आटा–10 किग्रा.
2	भूना चना–02 किग्रा.	चावल–10 किग्रा.
3	गुड़–01 किग्रा. (प्लास्टिक पैक में)	अरहर दाल 02 किग्रा.
4	बिस्कुट–10 पैकेट	आलू–10 किग्रा.
5	माचिस–01 पैकेट	हल्दी–200 ग्राम
6	मोमबत्ती–01 पैकेट	मिर्च–100 ग्राम
7	नहाने का साबुन–02	सब्जी मसाला–200 ग्राम
8	जरीकेन–01 (20 लीटर)	सरसों का तेल 01 लीटर
9	तिरपाल 01 12x10 वर्ग फिट मोटाई 110 GSM से कम न हो	नमक–01 किग्रा.

उल्लेखनीय है कि उपरोक्तानुसार खाद्य सामग्री हेतु 02 अलग–अलग पैकेट बनाए जाएंगे। द्वितीय पैकेट में अंकित 10 किग्रा. आलू जालीदार पैकेट में देना होगा तथा नमक के पैकेट पर आयोडीन की मात्रा 15 पी.पी.एम. से कम नहीं होना चाहिए।

1	निविदा प्रारम्भ की तिथि	22.06.2024 (सायं 6–30 बजे से)	
2	निविदा आवेदन की अन्तिम तिथि	01.07.2024	अप 12–00 बजे तक
3	सैम्पल किट, निविदा प्रपत्र, समस्त अभिलेख, तथा मूल ड्राफ्ट जिलाधिकारी कार्यालय, राहत अनुभाग में जमा करने की तिथि एवं समय	22.06.2024 से 01.07.2024 तक	अप 12–00 बजे तक
4	निविदा खोलने की तिथि व स्थान	01.07.2024	अपरान्ह 03–00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सीतापुर

समस्त ई–टेण्डर की कार्यवाही ई–टेण्डर पोर्टल http://e-tender.up.nic.in के माध्यम से की जाएगी। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–टेण्डर वेबसाइट http://e- tender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीतीश कुमार सिंह
अपर जिलाधिकारी (वि.एव0रा.)
सीतापुर

एक नजर

उप्र में महिलाएं असुरक्षा के साए में: अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के साये में जीने को विवश हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में इस वर्ष 12,648 शिकायतें मिलने का खुलासा हुआ है। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि अकेले प्रदेश से 6,492 शिकायतें मिली हैं, जो कि महिला आयोग के रिपोर्ट के अनुसार 55 प्रतिशत है।

आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मीकांत के निधन से अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: योगी

कहा- बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाए। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाए। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाए।

अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां: मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद शटडाउन की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाएं कमी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ पौधरोपण जमीन पर किया होता तो गर्मी से इतना बुरा हाल न होता

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कहा,भाजपा सरकार में पौधरोपण सिर्फ कागजों पर हुआ है। पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है। पौधों के लिए गड्ढे खोदने-लगाने में भी घपले करके पर्यावरण को बिगाड़ने का ही भाजपा ने काम किया है। भाजपा सरकार आपदा में अवसर खोजती है।

287 हाजियों को लेकर पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हज यात्री। अमृत विचार

▸▸ राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया स्वागत

किसानों को लेकर राज्य सरकार से होगी बात : त्यागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से सीधे बात करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्या पर गम्भीर है, इनके मुद्दों के लेकर पार्टी सजग है और उचित फोरम पर बात रखेगी। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी की अध्यक्षता में सम्मेलन प्रस्तावित हैं, केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति से तिथि घोषित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और ब्लाक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जुलाई में संगठन की समीक्षा बैठक होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मौजूद रहें।

सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि शनिवार को पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दल व संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ली। बुन्देलखण्ड विकास परिषद के अध्यक्ष अंचल अजेरिया, मौलाना फिरोज हुसैन, हरिओम शुक्ला, डॉ.रामप्रताप सिंह, शैलेन्द्र गोस्वामी, इसान अली, आरके दुबे, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जावेद सुल्तान, संदीप यादव, कंचन मौर्या समेत अन्य लोगों ने सैकड़ों साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

नव नियुक्त डिप्टी जेलरों का प्रशिक्षण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ: कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 75 नवनियुक्त डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलरों ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बीटेक, 01 एमटेक, 04 बीए, 04 एमए, 10 बीएससी और 02 एमएससी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ संपूर्णानंद संस्थान में नियमित रूप से अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में प्रशासनिक भवन, व्याख्यान कक्ष, व्यायामशाला, पुस्तकालय, चिकित्सालय, अतिथि गृह, इनडोर खेल परिसर, आडीटोरियम, अधिकारी छात्रावास, बंदीरक्षक छात्रावास, महिला छात्रावास, आवासीय परिसर, कंप्यूटर लैब और परेड ग्राउंड शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नवनियुक्त महिला जेलर को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।

▸▸ मंत्री दारासिंह चौहान ने किया प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

रिश्वत लेते वरिष्ठ पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा जांच में क्लीनचिट देने के नाम पर हुआ था सौदा

अमृत विचार: सीबीआई ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में आगरा के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर सहित दो को गिरफ्तार किया है। रिश्वत स्थानांतरण प्राप्त एक ऐसे कार्मिक से लिया जा रहा था, जिसका स्थानांतरण हो गया था और उसकी पूर्व की लंबित जांच पर एनओसी देना था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने अवैध रूप से रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने और नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने से राहत देने के एवज में रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने शिकायत मिलने पर जाल बिछाया और शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के पास पहुंचा और 20 हजार रुपये दे दिए। सीबीआई की टीम ने पहले पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीनियर पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने आगरा और मथुरा में दोनों आरोपितों के आवासों की तलाशी ली। इसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद होने की सूचना मिल रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को शनिवार को टीम गाजियाबाद में कोर्ट में पेश करेगी।

1 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली

शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्र व भाई को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय सेना में अग्निवीर लिपिक पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन 1 जुलाई से किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों के लिए की जायेगी।

इसका आयोजन जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी), बरेली में होगा। मध्य कमान सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बताया यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में अन्य रेजीमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

अभ्यर्थियों को प्रारंभिक जांच के लिए सभी दस्तावेजों के साथ प्रातः 4:00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजीमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा। 7:00 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी।अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण 2 जुलाई से होगा और लिखित परीक्षा 8 सितंबर को आयोजित की जायेगी।

4 को लखनऊ सहित इन जिलों में होगी भर्ती

4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जेपी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर (पड़रौना), ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, देवरिया, फैजाबाद, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

5 को यहां होगी भर्ती

5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़ (पंचशील नगर), पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रबुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

वर्ग पहेली-109

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

ऊपर से नीचे

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



वर्ग पहेली -108 का हल

	1 खि	ज़ाँ			2 फ़	
	ज़ा		3 गं		ह	
	4 ब	हु	गा	मी	श	
			ला	5 अं		
6 दु	रा	7 ल	भ	श		
चं		म		भा		
द		धी		8 जो	गी	ड़ा

सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							9	3
		4			6			
	5			2		8		
			7			4		
3							1	6
		8			1			
	9	1						
	2		8			5		
6			4			7		

सुडोकू - 21 का हल

6	2	7	4	5	8	3	9	1
9	1	3	2	6	7	4	8	5
5	8	4	9	3	1	2	6	7
8	6	1	5	2	9	7	4	3
7	3	5	1	8	4	6	2	9
2	4	9	6	7	3	5	1	8
4	5	8	3	9	2	1	7	6
1	7	6	8	4	5	9	3	2
3	9	2	7	1	6	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03 .25 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17 .03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

मिथुन — आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

कर्क — आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

सिंह — आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्या — आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

तुला — आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

वृश्चिक — आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

धनु — आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर — आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

कुंभ — आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

मीन — आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

आज की फिल्में

हैसियत
दोपहर : 12 .00

दरार
रात : 07 .16

सिम्बा
सुबह : 11 .00

शादी में जरूर आना
रात : 08 .00

65
सुबह : 11 .15

स्पाइडर मैन
रात : 09 .00

रमैया वस्तावैया
दोपहर : 12 .00

भोला
रात : 08 .30

कर्ज
सुबह : 11 .10

गंगूबाई काठियावाड़ी
रात : 07 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07 .55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को

● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं।

परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल (स्थिति को संभालने) की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हैदराबाद। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का कंरट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल

● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

एक नजर

असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

कल्लाकुरिचि। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जमीन हड़पने का मामला

● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

पानी के लिए आतिशी का अनशन जारी

नई दिल्ली। जल संकट को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन दूसरे दिन शनिवार को भी जारी है। दक्षिणी दिल्ली के भोगल में अपने जल सत्याग्रह स्थल से वीडियो संदेश में आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली वासियों के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। मंत्री का अनशन शुक्रवार को शुरू हुआ और उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। शुक्रवार को हरियाणा ने 11 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) कम पानी छोड़ा। उन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी से 28,000 लोगों को जलापूर्ति होती है। 100 एमजीडी पानी की कमी का मतलब है कि दिल्ली में 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जल मंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से नदियों और नहरों के जरिए उसे 1,005 एमजीडी पानी मिलता है जिसमें से हरियाणा 613 एमजीडी पानी मुहैया कराता है।

4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है।

रेणुकास्वामी हत्या मामला

दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी दल के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी गतिविधियों पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया।

कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की

ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। खंडपीठ ने आदेश में कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश को निलंबित कर उस पर रोक लगा दी गई है। दूसरी ओर बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ एक सदी से भी अधिक समय से वैध गतिविधि रही है तथा लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300

केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र

सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

पुणे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के

● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90850
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,450
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,800

मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

नई दिल्ली। शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

नई दिल्ली। सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।

एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।

स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

- हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी

एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डुल्लू

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

एक नजर

इटली में शरणार्थी जहाज दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

रोम। इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

मद्यन (पाकिस्तान)। पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

ज़िचांग। चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

मॉस्को। रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

भविष्य की योजना पर जताई सहमति

भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

धनखड़ से मुलाकात की

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

- इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

- 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

- परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलपिंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

- पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

बॉलीवुड हलचल

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है ।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है ।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है ।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

खगोल विज्ञान सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।

ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।